दैनिक

# भास्कर दूत

हर खबर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com




चारों धाम से बढ़कर है देवी कथा- रुचिता तिवारी







◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 267 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, सोमवार 07 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


# नक्सलियों का हों रहा सफाया,9 महीनों में मारे गए 188 नक्सली

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में अब लाल आतंक का सफाया होते जा रहा है, पुलिस और सुरक्षा बलों की साझा रणनीति के तहत सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों के 30 से 32 किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा कैम्प खोल दिया है।



नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ही सुरक्षा कैंप खुलने से नक्सलवाद का दंश झेल रहे गांव के लोग मुख्यधारा से जुड़ पा रहे हैं। खासकर नियद नेल्लानार योजना के तहत स्थापित कैंपों के माध्यम से बंदूक के साथ-साथ विकास के जरिए भी युद्ध छिड़ा हुआ है।

यहां स्कूल-अस्पताल भवन, सड़क बनने से न सिर्फ विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है बल्कि राज्य सरकार की तमाम योजनाएं गांव वासियों तक पहुंचनी शुरू हो गई है। कैंप खुलने के साथ ही गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

अविभाजित मध्य प्रदेश से इन घोर नक्सल क्षेत्रों के लोग शोषण, भ्रष्टाचार, और जुल्म का शिकार होते रहे। नक्सलियों पर नियंत्रण नहीं होने से यहां के निवासियों का भरोसा सरकारी तंत्र से उठ चुका था। इसके चलते ग्रामीणों के बीच नक्सलियों की पैठ अधिक मजबूत थी।

इनमें कांकेर में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ़), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी), नारायणपुर में आइटीबीपी, बीएसएफ, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), कोंडागांव में आइटीबीपी, सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं।

इसी तरह दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। साथ ही बस्तर के सभी जिलों में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), जिला बल, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन भी सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिला के सीमाई क्षेत्र में सुरक्षाबल के साथ हुए मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे जा चुके हैं। इसे न केवल छत्तीसगढ़ के बल्कि देश के इतिहास में सबसे बड़ा एनकाउंटर माना जा रहा है। पिछले नौ महीनों में 188 नक्सली मारे गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के 250 कैंप और नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के तहत 58 नए कैंप स्थापित करने की रणनीति बनाई है। इसके साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग का दायरा बढ़ाया गया है। ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय लोगों व पुलिस के बीच गहरी दोस्ती हो सके।

| वर्ष | मारे गए नक्सली | सुरक्षा कैंप खुले |
|---|---|---|
| 2019 | 65 | 07 |
| 2020 | 40 | 15 |
| 2021 | 51 | 14 |
| 2022 | 30 | 19 |
| 2023 | 20 | 16 |
| 2024 | 188 | 31 |

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिला के सीमाई क्षेत्र में सुरक्षाबल के साथ हुए मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। अब तक यह सबसे बड़ा ऑपरेशन है। आगे भी हम सुरक्षा कैंप खोलने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।





## केंद्र से मिला साथ तो अर्धसैनिक बलों की साझा पहल

*सुरक्षा कैंप बढ़ाने में केंद्र सरकार की महती भूमिका रही है। हाल में केंद्र सरकार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 4,000 से अधिक कर्मियों वाली चार बटालियनों को तैनात करने का निर्णय लिया है। इनमें कुछ जवान यहां पहुंच चुके हैं। बस्तर में 60 हजार से ज्यादा जवान सिर्फ नक्सलियों के खिलाफ चल रही लड़ाई के लिए तैनात हैं।*

सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे ग्रामीण नक्सलियों के नेटवर्क से बाहर निकल रहे हैं। सरकार के प्रति स्थानीय लोगों का भरोसा बढ़ने से सुरक्षा बलों का सूचना तंत्र मजबूत हुआ है। बड़े नक्सली नेताओं की उपस्थिति का पता चलते ही अभियानों को गति दी जा रही है।

लेबनान में इजराइल के ताबड़तोड़ हमले जारी

## हिजबुल्लाह के कई ठिकाने ध्वस्त



**तेल अवीव।** इज़राइल और लेबनान की जंग से इस वक्त मिडिल ईस्ट में जबरदस्त तनाव है. इस जंग में ईरान लेबनान का साथ देकर बड़ा रोल अदा कर रहा है. हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद यह जंग और तेज हो गया है. नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान ने अचानक से इजराइल पर हमला कर दिया. ईरान ने इजराइल में करीब 200 से ज्यादा मिसाइलें दागीं. इसके बाद से इजराइल लगातार लेबनान में हमला कर रहा है. हिजबुल्लाह के लड़ाकों को चुन चुनकर ढेर किया जा रहा है. इजराइली सेना ने पूरी रात बेरूत पर सीरियल एयर स्ट्राइक की है. हिजबुल्लाह के कई ठिकानों को तहस नहस कर दिया. हाल ही ईरान ने सुप्रीम कमांडर और सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने इजराइल को चेतावनी दी थी. उन्होंने इजराइल पर हमले को सही ठहराया था. खामेनई ने कहा था जरूरत पड़ी तो हम इजराइल पर फिर हमला करेंगे. उधर, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को धमकी दी है. इजराइल लेबनान की जंग के ईरान अब सीधे तौर पर शामिल हो गया है.

## एम्स के डॉक्टरों से पोस्टमार्टम, प्रदर्शन और आगजनी. बंगाल में रेप केस पर फिर घिरीं ममता बनर्जी



**कोलकाता।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिलट में लेडी डॉक्टर की रेप और मर्डर के मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में चौथी कक्षा की बालिका का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से बवाल मच गया है. मृतक के परिवार ने दावा किया कि उनकी बेटी के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई. इस घटना से पूरे राज्य में एक बार फिर हड़कंप मच गया है. पुलिस एक आरोपी को पहले ही अरेस्ट कर चुकी है. लेकिन दुर्गा पूजा के उत्सव के बीच ममता बनर्जी फिर से रेप केस को लेकर घिर गई हैं और विपक्ष उनके उनके इस्तीफे की मांग की है. वहीं, कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी पुलिस की भूमिका पर असंतोष जताया है. दूसरी ओर, कुलतली में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस की भूमिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई. जस्टिस तीर्थंकर घोष ने मामले को POCSO कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया. जज का सवाल किया कि सुरथल रिपोर्ट यौन शोषण की ओर इशारा करती है, फिर भी पुलिस ने POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज क्यों नहीं किया? कलकत्ता हाई कोर्ट ने कल्याणी जेएनएम अस्पताल में पोस्टमार्टम का आदेश दिया है. एम्स के विशेषज्ञ शव परीक्षण करेंगे. कमांड हॉस्पिटल की ओर से मेजर विजय ने कहा कि उनके पास फॉरेंसिक एक्सपर्ट नहीं हैं. न्यायाधीश ने कहा, अगर अस्पताल अनिच्छुक है तो मैं इसे मजबूर नहीं करना चाहता. कल्याणी एम्स से लेकर ईएसआई जोका तक का नाम लिस्ट में आया. क्योंकि सबसे पहले कमांड हॉस्पिटल ने बताया कि उनके हॉस्पिटल में कोई फॉरेंसिक एक्सपर्ट नहीं है. तब न्यायाधीश ने स्वयं सुझाव दिया कि शव परीक्षण राज्य के कल्याणी जेएनएम अस्पताल में एम्स विशेषज्ञों द्वारा किया जाना चाहिए. परिवार की मांग के अनुसार, बारुईपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पोस्टमार्टम किया जाएगा.

## स्टालिन सरकार पर मेहरबान केंद्र, चेन्नई मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 को केंद्रीय क्षेत्र परियोजना के रूप में मंजूरी देने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है, जैसा कि पत्र सूचना कार्यालय (PIB) ने कहा, हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी है. केंद्र सरकार 63,246 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का लगभग 65% वित्तपोषित करेगी. यह निर्णय पिछले दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान लिया गया था. दरअसल, इस परियोजना को राज्य क्षेत्र परियोजना के रूप में शुरू किया गया था, जिसमें तमिलनाडु सरकार मुख्य रूप से परियोजना का वित्तपोषण करती थी, जो अनुमानित लागत का लगभग 90% था.

## रामलीला में 'भगवान राम' का किरदार निभा रहे शख्स की हार्ट अटैक से मौत, मंच पर निकला दम



**दिल्ली।** देशभर में नवरात्रि के अवसर पर कई जगहों पर रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसी बीच दिल्ली के शाहदरा में चल रही रामलीला के दौरान एक दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई है। भगवान राम का किरदार निभा रहे सुशील कौशिक को अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुशील कौशिक पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे और विश्वकर्मा नगर इलाके में रहते थे। सुशील कौशिक 32 वर्षों से रामलीला से जुड़े हुए थे। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। दरअसल दिल्ली के शाहदरा में भी कल रात रामलीला चल रही थी। इसी बीच भगवान राम का किरदार निभा रहे शख्स को अचानक सीने में दर्द हुआ।

## अगले पांच वर्षों में प्रतिव्यक्ति आय में होगी 2 हज़ार डॉलर की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। सरकार के ठोस उपायों और प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के प्रयासों के कारण भारत में आम आदमी के जीवन स्तर में तेजी से सुधार आने वाला है। अगले पांच वर्षों में भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय में 2,000 डॉलर का इज़ाफा होगा, जिससे देश की आर्थिक प्रगति को एक नई दिशा मिलेगी।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, भारत को 2,730 डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने में 75 साल लगे, लेकिन अगले 2,000 डॉलर की बढ़ोतरी केवल पांच सालों में हो जाएगी। यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और इसे भारतीयों का युग कहा जाएगा।

वित्त मंत्री ने इस अवसर पर बताया कि भारत वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अपनी 1.4 अरब आबादी के जीवन स्तर को सुधारने और प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि देश में आय असमानता कम हो रही है। गिनी गुणांक, जो आय असमानता का सूचक है, में ग्रामीण क्षेत्रों में 0.283 से 0.266 और शहरी क्षेत्रों में 0.363 से 0.314 तक सुधार हुआ है। सीतारमण ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की भी चर्चा की, जब देश अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा। उनका कहना है कि भारत उस समय तक वैश्विक विचारों, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र बन जाएगा, जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया, जिसमें 43त्न लोग 24 साल से कम उम्र के हैं। आने वाले समय में यह युवा शक्ति उत्पादकता, बचत और निवेश को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

वित्त मंत्री ने देश की वित्तीय प्रणाली पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली अब मजबूत और सुदृढ़ है, जिसका एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) अनुपात कई सालों के निचले स्तर पर है। कर्ज वसूली की कुशल व्यवस्था और परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार के साथ, भारत की वित्तीय प्रणाली आने वाले वर्षों में और भी स्थिर और समृद्ध होगी।

# इस घर में लिया है 'नौ देवियों' ने अवतार!

## नव कन्याओं का घर से जाना जाता है सूतीक्षण - खुशी राम साहू का घर

भास्कर दूत



**बालोद।** कहते हैं बेटा भाग्य से मिलता है और बेटी सौभाग्य से। जिस घर में नौ बेटियां जन्म लें, उस घर को तो सौभाग्यों से भरा मंदिर ही कहा जाएगा। जी हां ऐसा ही एक मंदिर है बालोद जिले में, जहां नौ देवियों का अवतरण हुआ है। ये अलग बात है कि ये नौ देवियां मानव समाज में जन्मी हैं और इन नौ देवियों का नाम दुर्गा, कालरात्रि, स्कंदमाता आदि जैसा नहीं रखा गया है, मगर इस घर को समूचे अंचल में %नौ देवियों का घर% के नाम से जाना जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन नौ बहनों वाले घर में इकलौता भाई भी पैदा हुआ है, जिसे सम्मान से लोग लंगूर कहते हैं।(नौ कन्या भोज में नौ कन्याओं के साथ बैठने वाले लड़के को हनुमान के रूप में लंगूर कहते हैं)

यह देवी गाथा है बालोद जिले के गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम भरदाकला की। इस गांव के निवासी सूतीक्षण साहू और खुशीराम साहू के घर को नौ कन्याओं का घर के नाम से जाना जाता है। भरदाकला गांव में सूतीक्षण और खुशी साहू दो भाइयों का एक परिवार है। सूतीक्षण साहू की 5 और खुशी साहू की 4 पुत्रियां हैं। इस प्रकार सूतीक्षण व खुशी के घर कुल 9 कन्याओं का जन्म हुआ है। नौ कन्याओं के बाद 1 लड़का यानी एक लंगूर का जन्म हुआ है। इस वजह से आज भी यहां सूतीक्षण के घर को नौ कन्याओं का घर के नाम से जाना जाता है।

**दो भाइयों के इस परिवार में हैं 9 कन्याएं, एक लड़का है वह भी सबसे छोटा**

### बोझ नहीं सौभाग्य हैं बेटियां

***अपनी नौ कन्याओं की हर कला और कार्य में निपुणता देखकर माता पिता तथा पूरा परिवार आज आनंदमय जीवन व्यतीत कर रहा है। माता-पिता कहते हैं कि बेटियां बोझ नहीं होतीं, बल्कि यह सौभाग्य होती हैं। हम बड़े किस्मत वाले हैं कि हमारे घर नौ बेटियों ने जन्म लिया। नौदुर्गा का वास है हमारे घर में। सभी कन्याएं कालेज में पढाई लिखाई कर रहीं हैं। बेटा अभी 12वीं कक्षा में है। इस परिवार में संस्कार भी ऐसा है कि सभी लोग एकसाथ बैठकर भोजन करते हैं।***

### पढ़ाई लिखाई व खेल में दक्ष हैं बेटियां

परिवार की सभी नौ कन्याओं में अनेक गुण समाहित हैं। सभी शांत स्वभाव वाली और पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेल में भी दक्ष हैं। शतरंज, फुगड़ी, क्रिकेट आदि खेलों के प्रति ये बेटियां विशेष लगाव रखती हैं।

चार बहनें अर्जुंदा कॉलेज की ओर से शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेती हैं। कॉलेज की स्पोर्ट्स टीचर मोनिका देशमुख बताती हैं कि सभी बहनें शतरंज में बहुत ही निपुण हैं। अभी तीन बहनों की शादी हो चुकी है। वर्तमान में अंबालिका साहू, हीना साहू, महिमा साहू, टेसवानी साहू, ईमलेखा साहू, सविता साहू, रोशनी साहू, विद्या साहू, चंद्रलेखा साहू अविवाहित हैं। गांव के बीच में ही है इन नौ कन्याओं का घर।

### बड़े जलवे थे इन बेटियों के

*एक दौर था जब इन नौ बेटियों के बड़े जलवे हुआ करते थे, तब ये सभी बाल रूप में थीं। गांव के लोग हर शुभ अवसर पर इन नौ बेटियों के पांव पखार कर उनका पूजन करते, शुद्ध सात्विक भोजन कराते और उपहार स्वरुप रुपए, चुनरी, श्रृंगार सामग्री प्रदान किया करते थे। नौ बेटियों के पिता सूतीक्षण व खुशी साहू बताते हैं कि कुछ साल पूर्व तक जब बच्चियां छोटी थीं, तब ग्राम में होने वाले हर प्रकार के पूजा पाठ आयोजन, नवरात्रि पर्व, गृह प्रवेश आदि में इन नौ कन्याओं को कन्या भोज और कन्या पूजन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता था और सभी बहनें अपने इकलौते लंगूर भाई के साथ सहर्ष पहुंच जाती थीं। गांव वालों को भी बड़ी खुशी होती थी।*

### गजानंद, जैसा नाम वैसा काम

**इस परिवार में सबसे छोटा सदस्य नौ बहनों का इकलौता भाई गजानंद है। गजानंद कहें या गजानन भगवान गणेश को भी इसी नाम से पुकारते हैं।. प्रथम पूज्य गणेश की तरह बड़ी मिन्नतों बाद मिला गजानंद भी इस परिवार की खुशियों में चार चांद लगा रहा है। वह सिद्धहस्त मूर्तिकार और कलाकार तो है ही, लिखाई पढाई में भी दक्ष है। दशहरा के दिन उसका जन्म हुआ था, लिहाजा उसके सभी मामा उसे रावण के नाम से पुकारते हैं। हालांकि विजयादशमी के दिन रावण का वध हुआ था और उसका वध करने वाले भगवान श्रीरामचंद्र थे। बेहतर होता मामा उसे राम कहकर बुलाते। दरअसल मामा उसे छेड़ने के लिए रावण बुलाते हैं, कहते हैं रावण मरा और उसकी आत्मा तुम्हारे शरीर में आ गई। नौ कन्याओं के जन्म के बाद नवरात्रि के दूसरे दिन गजानन का जन्म होने के कारण पूरे परिवार में इसको बहुत ही लाड़ प्यार मिलता है।**

## नवंबर में रायपुर से शुरू होने वाली जयपुर, राजकोट, सूरत, पटना और विशाखापट्टनम की हवाई सेवा




**रायपुर।** नवंबर से छत्तीसगढ़ के हवाई यात्रियों को पांच प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाओं का तोहफा मिल सकता है। विमानन कंपनियां इसके लिए नई फ्लाइटें भी देख रही है तथा ट्रैवल्स एजेंटों से संपर्क कर रही है कि इन क्षेत्रों के लिए ट्रैफिक कितना मिलेगा। रायपुर से शुरू होने वाली इन हवाई सेवाओं में जयपुर, राजकोट, सूरत, पटना और विशाखापट्टनम है। इस महीने से अहमदाबाद के लिए भी उड़ान शुरू हो चुकी है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि जयपुर के लिए तो विंटर सीजन में शेड्यूल भी तय हो गया है। वहीं राजकोट व सूरत के लिए संभावनाएं तलाशी जा रही है। इसके साथ ही 13 नवंबर से विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट एयर इंडिया हो जाएगी तो रायपुर से विशाखापट्टनम फ्लाइट शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। व्यास हॉलीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि उन्होंने विमानन कंपनी को इन क्षेत्रों के लिए फ्लाइट शुरू करने पत्र भी लिखा है। विमानन कंपनी ने इस पर आश्वासन भी दिया है।

इंडिगो एयरलाइंस 27 अक्टूबर से रायपुर से पुणे व चेन्नई के लिए फ्लाइट शुरू कर रही है। फ्लाइट क्रमांक 6ई6137 चेन्नई से रायपुर दोपहर 1.35 बजे उड़ान भरेगी और रायपुर 3.20 बजे पहुंचेगी। इसके साथ ही फ्लाइट क्रमांक 6ई6138 रायपुर से रात्रि 8.25 बजे उड़ान भरेगी और 10.15 बजे चेन्नई पहुंचेगी। इसी प्रकार फ्लाइट क्रमांक 6ई6895 रायपुर से पुणे के लिए दोपहर 3.50 बजे उड़ान भरेगी तथा शाम 5.35 बजे पुणे पहुंचेगी,इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 6ई6905 पुणे से शाम 6.15 बजे उड़ान भरेगी और 7.55 बजे रायपुर पहुंचेगी।




# छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, डॉ विवेक चौधरी होंगे रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन

भास्कर दूत



**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। नई व्यवस्था के तहत डॉ विवेक चौधरी को पं जेएनएम कॉलेज, रायपुर का डीन बनाया गया है, जबकि डॉ संतोष सोनकर को आंबेडकर अस्पताल का अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, डॉ तृप्ति नागरिया को चंदूलाल मेडिकल कॉलेज का डीन बनाया गया है, जबकि डॉ एसबीएस नेताम को आंबेडकर अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग के एचओडी के पद पर यथावत रखा गया है। वहीं, चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ यूएस पैकरा से अतिरिक्त प्रभार वापस लेते हुए चिकित्सा शिक्षा संचालक बनाया गया है।

डॉक्टर-नवीन पदस्थापना

डॉ. यूएस पैकरा, प्रभारी संचालक चिकित्सा शिक्षा

डा. पीएम लुका, अधिष्ठाता, राजनांदगांव

डॉ. तृप्ति नागरिया, अधिष्ठाता, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज, दुर्ग

डॉ. विवेक चौधरी, विभागाध्यक्ष (कैंसर विभाग) एवं अधिष्ठाता, पं जेएनएम कॉलेज, रायपुर

डॉ. अविनाश मेश्राम, अधिष्ठाता, अंबिकापुर

डॉ. रमणेश मूर्ति, संचालक सह-प्राध्यापक एवं प्रभारी अधिष्ठाता, बिलासपुर

डॉ. याश्मीन खान, अधिष्ठाता, कांकेर

डॉ. प्रदीप बेक, अधिष्ठाता, जगदलपुर

डॉ. रेणुका गहने, अधिष्ठाता, महासमुंद

डॉ. रंजना आर्या, विभागाध्यक्ष एनाटामी विभाग, अंबिकापुर एवं अतिरिक्त प्रभार अधिष्ठाता कोरबा

डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

डॉ. लखन सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर

डॉ. अतुल देशकर, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, राजनांदगांव

डॉ. विमल भगत, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक एवं सहायक प्राध्यापक (मनोरोग विभाग), कांकेर

डॉ. बीपी सिंह, विभागाध्यक्ष पैथोलाजी विभाग एवं प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर

डॉ. टिक्कु सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, जगदलपुर

डॉ. एसबीएस नेताम, विभागाध्यक्ष (रेडियोलाजी विभाग), आंबेडकर अस्पताल

डॉ. मधुमिता मुर्ती, प्राध्यापक (एनीस्थिसिया विभाग), बिलासपुर

डॉ. राकेश निगम, प्राध्यापक (एनीस्थिसिया विभाग), अंबिकापुर डॉ. हेमलता ठाकुर, प्राध्यापक (पीएसएम विभाग), छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर

डॉ. रविकांत दास, विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (अस्थि रोग विभाग), रायपुर

डॉ. देवप्रिया लकड़ा, प्राध्यापक (मेडिसन विभाग), अंबिकापुर

डॉ. भगत बघेल, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, कांकेर

डॉ. विनित जैन, प्रभारी अधिष्ठाता, रायगढ़

# पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद फरार हुआ हत्या का आरोपी

## दोस्तों संग वीडियो वायरल होने पर टूटी पुलिस की नींद

भास्कर दूत



**रायपुर।** केंदीय जेल रायपुर से पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी हत्या का आरोपी राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ वापस नहीं आया। हत्या के आरोपी का खुले में घूमने का इंटरनेट मीडिया में फोटो वायरल हो रहा है।

फोटो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन ने हत्या के आरोपी के खिलाफ जेल में आमद दर्ज नहीं कराने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई। जेल प्रबंधन द्वारा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ नौ जुलाई को पैरोल पर रिहा हुआ था। 25 जुलाई को शाम पांच बजे तक जेल में आमद दर्ज करानी थी। उसने जेल में आमद दर्ज नहीं कराया। राशिद के खिलाफ 2017 में कोतवाली थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश संतोष दुबे ने पूजा सचदेव, मोनिका सचदेव और दो अन्य के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने वर्ष 2019 में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

जेल से पैरोल पर छूटने के बाद राशिद ने संतोषी नगर सहित भाठागांव में अपने दोस्तों के साथ मिलने का फोटो इंटरनेट मीडिया में अपलोड किया है। कैरम खेलने का फोटो भी अपलोड किया है। इसके बाद आम लोगों के साथ प्रेस से जुड़े लोगों ने इस संबंध में पड़ताल किया तो राशिद के पैरोल छूटने की जानकारी मिली।

### चार माह बाद जागा जेल प्रशासन

पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद चार माह बाद जेल प्रबंधन जागा। इंटरनेट मीडिया में फोटो आने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# कांग्रेस नेता पर पुलिस ने घोषित किया इनाम, पूर्व CM का है करीबी

भास्कर दूत



**रायपुर।** कांग्रेस सरकार में पावरफुल रहे बिलासपुर के केके श्रीवास्तव 15 करोड़ की ठगी कर फरार है। पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपित केके श्रीवास्तव ने पांच बैंक खातों का उपयोग किया है।

उसमें 300 करोड़ का लेन-देन हुआ है। यह खाते ईडब्ल्यूएस मकानों के रहने वालों नाम पर है। पुलिस ने इसकी जांच आयकर विभाग को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि ईडी भी जल्द ही इस मामले की जांच शुरू कर सकती है।

तेलीबांधा थाना पुलिस आरोपित की तलाश में लगी है। उसके कई ठिकानों में पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वे परिवार सहित फरार है। श्रीवास्तव पूर्व सीएम के लिए विशेष पूजा-पाठ करते थे। इस कारण पूर्व सीएम का अक्सर उनके बिलासपुर निवास जाना होता था। इसके अलावा श्रीवास्तव सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क में था।

# मुख्यमंत्री साय को रास गरबा में शामिल होने मिला निमंत्रण

भास्कर दूत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रविवार को नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित निवास में रायपुर रास 2024 के आयोजकों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 08 एवं 09 अक्टूबर को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय रास गरबा के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री साय ने आयोजकों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया एवं आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सार्थक शर्मा, भावेश शर्मा एवं आयोजकगण भी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### बीएसपी कॉलोनी अमलीडीह की चेकिंग, बटनदार चाकू जब्त



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने बीएसपी कॉलोनी अमलीडीह में चेकिंग के दौरान नाबालिक दो लड़कों से बटन दार चाकू जप्त किया है नाबालिक को परिजनों परिजनों के साथ थाना तलब किया गया। पुलिस ने बताया कि सरोना में 05/10/24 के रात्रि 10:30 बजे बाइक सवार प्रवीण यादव अपने साथी के साथ जा रहा था । जो सरोना में गली में नाली के पास गिर गया , तो वहीं पर मौजूद अभय नेताम के द्वारा उसके ऊपर छींटाकसी, कमेंट किया गया। अभय द्वारा कहा गया कि तुम अहीर को बाइक चलाना तो आता नहीं है। तथा कहा गया कि अहीरों को अपना होश तो रहता नहीं है, और बाइक में घूम रहा है। तथा अन्य जातिगत कमेंट और छींटाकसी किया गया। फिर दोनों में विवाद गाली गलौज शुरू हो गया। तो मृतक अभय ने आरोपी प्रवीण यादव को थप्पड़ मार दिया। जिससे क्रोधित होकर आरोपी प्रवीण यादव ने अपने दो दोस्तों को मौके पर बुला कर लाया, जो चाकू लेकर आए और फिर विवाद करते हुए आरोपी प्रवीण ने अभय पर चाकू से पीठ और कमर किया। जिसे गंभीर हालत में ढ्ढ्ढरूस् हॉस्पिटल में एडमिट कराये । जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। थाना डीडी नगर में अपराध दर्ज कर, आरोपियों का पता तलाश किया गया। प्रकरण में आरोपी प्रवीण यादव और उसके साथ अन्य 05 आरोपियों को थाना में हिरासत में लिया गया है। प्रकरण में पूछताछ विवेचना की जा रही है।

### तालाब में मिली युवक की लाश,जांच में जुटी पुलिस



**रायपुर।** खमतराई इलाके में लाश मिली है जो दर्री तालाब में तैर रही थी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंची है। मृतक का नाम ईश्वर मानिकपुरी बताया जा रहा है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। फ़िलहाल शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर ।**राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 957.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.8 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.9 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1419.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1272.5 मिमी, कोण्डागांव में 1207.0 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1465.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1522.4 मिमी और सुकमा जिले में 1676.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# 22 लोगों से भरी पिकअप पलटने से एक की मौत:14 लोग गंभीर रूप से घायल

## नवा रायपुर जा रहे थे मजदूरी करने

भास्कर दूत







**रायपुर।** रायपुर में 22 मजदूरों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 14 मजदूर बुरी तरह घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग सुबह काम करने जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, पिकअप रायपुर पासिंग नंबर की है। ड्राइवर प्रेमलाल गेंदले चला रहा था। सभी 22 मजदूर रविवार सुबह 10 बजे के करीब अलग-अलग अभनपुर क्षेत्र के खोला और पोंड गांव से नवा रायपुर काम करने के लिए जा रहे थे।

### पिकअप पलटने से मची चीख-पुकार

इस दौरान तेज रफ्तार चलते हुए पिकअप थनौद गांव के पास पहुंची थी, तभी वह सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप पलटते ही मजदूरों के बीच चीख पुकार मच गई। इस दौरान कुछ मजदूर पिकअप के नीचे दब गए तो वहीं कुछ सड़क पर दूर फेंका गए।

### एक व्यक्ति की मौत

सड़क से गुजर रहे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में पोंड गांव के रहने वाले तोम लाल साहू की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तोम पिकअप ने नीचे दब गया था, जिसे अन्दरूनी हिस्से में चोंटे आई थी। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है।

### घायलों की जानकारी

1. नरेंद्र कुमार बघेल पिता पुनीत राम बघेल (42) ग्राम खोला थाना अभनपुर
2. चंद्रवती पति संतोष तारक (50) ग्राम खोला थाना अभनपुर
3. जमुना सोनवानी पति मोतीलाल (40) ग्राम खोला
4. तुलसी बाई पति कपिल (35) ग्राम खोला
5. रेखा पति मुकेश ढीढी (25) ग्राम खोला
6. चित्ररेखा पति राकेश कुमार ढिढ़ी (26) ग्राम खोला
7. सविता टंडन पति नंद कुमार टंडन (40) ग्राम खोला
8. प्रियांशु बघेल पिता नरेंद्र बघेल (18) ग्राम खोला
9. सोनार कौशिक पिता खूबचंद (50) ग्राम खोला
10. हितेश कुर्रे पिता शंकर लाल कुर्रे (32) ग्राम खोला
11. रुक्मणी तारक पति मुक्ती तारक (47) ग्राम खोला
12. रुक्मिणी बाई पति चेतराम सोनवानी (36) ग्राम खोला
13. पूर्णिमा बघेल पति नरेंद्र बघेल (36) ग्राम खोला
14. मनोज पाल पिता गांव गौरव पाल (36) ग्राम पोंड थाना गोबरा नावापारा

वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# कई कॉलेजों ने लिया हिस्सा, गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने जीता खिताब

भास्कर दूत

रायपुर। शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में शनिवार को अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल, अतिथि डॉ. विपिन चन्द्र शर्मा खेल समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग, शासन अतिथि मोहम्मद अकरम खान, ओलंपिक संघ संयुक्त सचिव, डॉ. रामानंद यदु, डॉ. प्रमोद मेने, डॉ. प्रकाश बैद्य और विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी मौजूद रहे।

प्राचार्य मैडम ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल पदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 महाविद्यालय हैं जिसमें शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, संत गुरू घासीदास शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कुरुद, विप्र महाविद्यालय रायपुर, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर गुरूकुल महिला महाविद्यालय रायपुर और महाराजा अग्रसेन इंटर नेशनल महाविद्यालय रायपुर ने भाग लिया। पहला मैच शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय रायपुर और महाराजा अग्रसेन इन्टरनेशनल महाविद्यालय के बीच हुआ जिनका स्कोर (2-0) रहा। दूसरा मैच गुरूकुल महाविद्यालय और शासकीय महाविद्यालय अभनपुर स्कोर (2-0), तीसरा मैच विप्र महाविद्यालय और शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी स्कोर (2-0), चौथा मैच पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कुरूद स्कोर (2-0) के बीच हुआ। सेमी फाइनल प्रथम मैच विप्र माविद्यालय, शासकीय माहविद्यालय अभनपुर (2-0) और दूसरा मैच शासकीय दू.ब. महिला माहविद्यालय रायपुर और शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कुरूद (2-0) के बीच हुआ।

### शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय ने जीता खिताब

फाइनल मैच विप्र महाविद्यालय और शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय के बीच हुआ। जिसमें शास. दु. ब. महिला महाविद्यालय विजेता रहीं। इस प्रतियोगिता द्वारा रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया। जो 24 और 25 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिसका आयोजन शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा किया जाना है। इस पूरे कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ शंभरकर द्वारा किया गया।

## डायरिया का प्रकोप, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**बस्तर ।** जिले के दरभा ब्लॉक में एक बार फ़िर डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है. ब्लॉक के मूंडागढ़ गांव के काचीरास पारा में हफ्ते भर के अंदर 3 ग्रामीणों की मौत हो गई है. बीते 29 सितम्बर को उल्टी दस्त की वजह से समदू नाग की मौत हो गई. वहीं 30 सितंबर को एक महिला पदमा की मौत हुई. जबकि एक और महिला की शुक्रवार को गुरवारी की मेडिकल कालेज जगदलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई. बता दें सभी मृतक एक ही परिवार के हैं. इस मामले में प्रशासन ने उल्टी दस्त से एक की मौत की बात स्वीकार की है जबकि अन्य मौतों की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. लगातार हो रही मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग गांव में शिविर लगा कर ग्रामीणों की जांच कर रहा है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही दरभा ब्लॉक के कोयनार में एक बच्चे समेत 5 ग्रामीणों की मौत हो गई थी.

# रायपुर में मजदूर की मौत, पिकअप पलटने से कई घायल



भास्कर दूत

**रायपुर।।** अभनपुर में सड़क हादसा हुआ है. ग्राम थनौद में एक पिकअप वाहन के पलटने से एक दर्जन से अधिक महिला और पुरुष श्रमिक घायल हो गए हैं. वहीं एक मजदूर की मौत हो गई है. सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है.

बताया जा रहा है कि अभनपुर के ग्राम खोला से दो दर्जन से अधिक श्रमिक मजदूरी के लिए पिकअप वाहन से नवा रायपुर के ग्राम बंजारी जा रहे थे. पिकअप वाहन तेज गति से चल रहा था, तभी यह ग्राम थनौद चौंक के आगे अनियंत्रित होकर पलट गया. इस दुर्घटना में वाहन में सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायलों में महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं. हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान ग्राम पोंड निवासी तोमलाल पिता अश्वनी साहू के रूप में हुई है. घायल मजदूर की इलाज के दौरान रावतपुरा अस्पताल में मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

# विश्व शिक्षक दिवस पर ग्राम कंजेली में शैक्षणिक चिंतन का आयोजन

## शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव, सुधार की आवश्यकता। शिक्षक,पालक एवं बालक की भूमिका पर हुआ शैक्षणिक चिंतन

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा।** डौंडी ब्लॉक के वनांचल में स्थित ग्राम कंजेली में 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शैक्षिक संगोष्ठी का अनूठा आयोजन हुआ। जिसके

माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव एवं उनमें सुधार की आवश्यकता एवं शिक्षक ,पालक एवं बालक की भूमिका आदि विषय पर शैक्षणिक चिंतन किया गया। वर्तमान समय में विषयगत शिक्षा सुधार के संबंध में बहुत से कार्य किया जा रहे हैं किंतु बच्चों में अधिकांशत व्यवहारगत त्रुटियां सामने आ रही है। जिसे पालक, शिक्षक एवं समाज के हर वर्ग के द्वारा महसूस किया जा रहा है। वर्तमान में हमें विषयगत शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा पर भी बल देना होगा।

और इसके लिए पालक शिक्षक सभी को अपने-अपने स्तर पर किस तरह से प्रयास करने होंगे।

साथ ही व्यस्ततम क्रियाकलापों के बीच शिक्षकों को किस तरह से बच्चों के हित में कार्य करना होगा इन विषयों पर चर्चाएं की गई। संगोष्ठी में शाला के प्रधान पाठक द्वारा उक्त विषय पर चिंतन हेतु सभी शिक्षकों को खुला आमंत्रण दिया गया था।

जिसमें रुचि लेते हुए कादम्बिनी लोकेश पारकर यादव व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव, विकासखंड डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद, वेद प्रकाश यदु (सीएसी कुआंगोंदी, डौण्डी) ईश्वरी कुमार सिंहा शिक्षक (शासकीय प्राथमिक शाला आमापानी ,विकास खंड -गुरुर), सेमन लाल नेताम (सीएसी बेलोदा, डौण्डी), गोपिका राजपूत (शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्री,डौण्डी), दीपक यादव पत्रकार बालोद से, संजय कुमारी साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घोटिया से, आशो ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कंजेली,मनीष खुर्शायाम अध्यक्ष युवा समिति कंजेली ,पूजा ठाकुर युवा समिति सदस्य , परदेसी राम कुरैटी, रूपा आंचल, श्रीमती चमेली बाई स्मार्ट माता कंजेली, मंगलूराम नेताम, गजेंद्र कुमार, संतोष कुमार सुनिधि कुमारी एवं शाला से ममता सोनेश्वर, अशोक कुमार सेन एवं बच्चों ने उपस्थिति प्रदान की। श्रीमती कादम्बिनी यादव द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ बेटा बचाओ और बेटा पढ़ाओ पर भी बल देने की बात पालको के बीच रखी। वर्तमान समय में बिटिया तो आगे बढ़ रही है पर इस भाग दौड़ भरी दुनिया में बेटों के रास्ते बदल रहे हैं ।

बेटे कहीं पीछे ना छूट जाए इसलिए उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने चिंतन सबके समक्ष रखा। ईश्वरी कुमार सिंहा के द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों में आईसीटी यानी इनफॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग हेतु प्रयास करने,पुस्तकालयों के विकास एवं उपयोग पर जोर देने एवं भाषाई समझ में बढ़ोतरी करने , मोबाईल एवं टैक्नोलॉजी का शैक्षणिक उपयोग करने पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही सभी उपस्थित शिक्षक ,पालक एवं युवाओं के साथ



एक गणितीय गतिविधि के माध्यम से बताया कि कैसे जीवन में घटाव एवं बढ़ाव या कभी बराबर रहने के अवसर आते हैं। इन सभी परिस्थितियों में हमें बहुत अधिक हर्षित या बहुत अधिक दुखी ना होकर केवल आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

### प्रयास के भाव से सोचे हम क्या कर सकते हैं?

ममता सोनेश्वर के द्वारा वर्तमान जीवन में व्यस्तता एवं आ रही चुनौतियों को देखते हुए हम क्या कर सकते हैं की मजबूरी को छोड़कर , हम क्या कर सकते हैं (प्रयास) इस पर चिंतन के द्वारा विवेक से अपने कार्यों को उत्कृष्टता के साथ करने साथ ही शिक्षा में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षा की नींव अर्थात प्रारंभिक कक्षाओं बालवाड़ी एवं कक्षा 1,2,3 पर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर ध्यान देने की बात रखी। क्योंकि पौधे के विकास के लिए खाद और पानी जड़ों में देना जरूरी है । बाहर या ऊपर से खाद पानी देकर मजबूत पेड़ खड़ा नहीं किया जा सकता। इसलिए बुनियादी कक्षाओं में विशेष मेहनत के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इसके साथ ही कार्य के साथ सभी को बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वयं के लिए भी समय निकालकर अपने कार्यों को आनंद पूर्वक करने की बात कही । वेदप्रकाश यदु द्वारा अकादमिक समझ को साथ एवं प्राथमिकता तय करते हुए अपने कार्यों को सही ढंग से और समय प्रबंधन पर ध्यान देने के संबंध में विचार साझा किया गया।

सेमनलाल नेताम द्वारा समन्वय के साथ आपसी तालमेल बैठाते हुए बच्चों के हित में कार्य कर पाने की बात रखी गई। श्रीमती संजय कुमारी साहू के द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के रूप में आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ



कार्य करने के अपने अनुभव को सबके साथ साझा करते हुए व्यवहारगत एवं शैक्षणिक सुधार हेतु पालकों की अहम भूमिका, बच्चों के समक्ष मोबाइल देखने, लड़ाई झगड़े से बचने , बच्चों की शिक्षा में बेहतरी के लिए शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की सहभागिता भी बहुत जरूरी होने की बात रखी ।

### बच्चों को बताएं मोबाइल की दुरुपयोग और सदुपयोग

पत्रकार दीपक यादव ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मोबाइल की उपयोगिता को लेकर बातें रखी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ पालकों को भी बच्चों को मोबाइल के सदुपयोग और दुरुपयोग के बारे में जागरूक करना होगा। ताकि मोबाइल की लत से पढ़ाई में होने वाले व्यवधान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षण संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले सर्वे में यह बात सामने आती है कि ज्यादातर मोबाइल देखने से बच्चे चिड़चिड़ेपन का शिकार हो रहे हैं। आने वाली पीढ़ी के लिए यह एक गंभीर चिंतन का विषय है। मोबाइल शिक्षा का बेहतर माध्यम हो सकता है। इसलिए बच्चों को शिक्षा से संबंधित वीडियो देखने के लिए प्रोत्साहित करने कहा गया, ना कि गलत चीजों की देखने। बच्चे मोबाइल में क्या देख रहे हैं इस पर भी पालकों की नजर होनी चाहिए।

गोपीका राजपूत द्वारा अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा किया गया। आशो ठाकुर ने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए उनके बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली की ओर विशेष ध्यान देने की बातें की। इसके लिए बच्चे के पैदा होने से पूरे गर्भावस्था से ही गर्भवती माता के ख्याल रखकर इस की शुरुआत करना जरूरी है क्योंकि सही पोषण ना मिलने से यदि बच्चा कमजोर पैदा होता है तो इससे उसे बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए गर्भावस्था से ही बच्चों के स्वास्थ्य के लिए माताओं का विशेष ध्यान रखा जाना जरूरी है। इसके साथ ही आए हुए पालक गण एवं युवा समिति के सदस्यों के द्वारा भी अपने अनुभव एवं विचारों को सबके साथ साझा किया गया।

### सभी आगंतुकों को शिक्षक ईश्वरी सिन्हा ने भेंट की 'गीता'

आयोजन में ईश्वरी कुमार सिन्हा द्वारा सभी शिक्षकों एवं पालकों को ज्ञान की गंगा 卐गीता卐 एवं शिक्षा एवं विद्या - पं. श्रीराम शर्मा आचार्य,भाषा -संशय और शोधन,वैदिक गणित,बच्चों के लिए 101 प्रभावी बातें अन्य महत्वपूर्ण पुस्तको के साथ एक नीम का एक पेड़ भेंट किया गया। वहीं श्रीमती कादंबिनी के द्वारा बच्चों को कलर पेंसिल एवं विद्यालय को चार्ट एवं कलर सेट प्रदान किया गया। साथ ही वेद प्रकाश यदु द्वारा सभी बच्चों के लिए पेंसिल रबर एवं विद्यालय को पेन भेंट किया गया। शाला परिवार की ओर से अतिथियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात पोषण वाटिका से प्राप्त राष्ट्रीय सब्जी कद्दू के साथ सबने न्योता भोजन किया। अंत में आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदान करने के लिए शाला विकास युवा समिति के सदस्य परदेसी राम कुरेटी एवं पूजा ठाकुर द्वारा आए हुए शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रकार इस आयोजन के माध्यम से विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे चुनौतियों और उसके लिए समाधान पर शैक्षिक चिंतन के माध्यम से चर्चा की गई। एवं शिक्षकों को आपस में मेल मुलाकात एवं एक दूसरे के विद्यालय का भ्रमण कर निरंतर सीखते रहने। साथ ही शिक्षा एवं व्यवहारगत आचरण को सुधारने में पालकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में शैक्षिक और धार्मिक भ्रमण के रूप में मालीपानी अमृत कुंड स्थल का भ्रमण भी किया गया। और वहां की विशेषताओं से परिचित हुए।

### अरपा पैरी के धार,,,,गीत संयोजन के साथ जटिल योग का हुआ प्रदर्शन

छात्रा कुमारी लावण्या एवं गीतिका द्वारा छग के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार,,,, गीत संयोजन के साथ विभिन्न प्रकार के जटिल योगों को सहजता से प्रस्तुत किया गया। साथ ही बालकों द्वारा सूर्य नमस्कार के बारह आसनों का प्रस्तुतीकरण किया गया। योग शिक्षक के रूप में अशोक कुमार सेन ने अपनी योग सीखने की यात्रा पर और वर्तमान में योग सीखने के महत्व पर चर्चा की।

### विश्व शिक्षक दिवस का जानिए इतिहास

*विश्व शिक्षक दिवस की स्थापना यूनेस्को द्वारा 1994 में की गई थी। 1996 में, यह शिक्षकों की स्थिति के बारे में अनुशंसा पर हस्ताक्षर करने की याद में मनाया गया। यह अनुशंसा शिक्षकों के अधिकारों, जिम्मेदारियों, प्रशिक्षण, रोजगार और कार्य स्थितियों पर केंद्रित थी। 1994 से, यह दिन प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में शिक्षकों द्वारा सामना की जाने वाली उन्नति या चुनौतियों से संबंधित एक अनूठी थीम पर केंद्रित होता है। इस वर्ष के विश्व शिक्षक दिवस की थीम है - शिक्षकों की आवाज़ को महत्व देना- शिक्षा के लिए एक नए सामाजिक अनुबंध की ओर,,है। दुनिया भर में शिक्षकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।*

# अमेरा में कचरा कलेक्शन कार्य-कलेक्टर ने की सराहना

## अमृत सरोवर एवं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने पर जोर




भास्कर दूत

**बलौदा बाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने पलारी विकासखंड के सरपंच एवं उपसरपंच जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अमेरा गांव में कचरा कलेक्शन कार्य की सराहना की और इसे अन्य क्षेत्रों के लिए उदाहरण बताया। कलेक्टर सोनी ने अमृत सरोवर एवं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि स्वच्छता एवं विकास कार्यों में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कलेक्टर दीपक सोनी ने पलारी विकासखंड के अंतर्गत सरपंच एवं उपसरपंच जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनसे सीधा संवाद किया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आपसी सहयोग एवं सद्भावना को बढ़ाते हुए सजग रहने की अपील की।

कलेक्टर ने कहा कि गांव एवं शहर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सौहार्द बिगाड़ने वाली हरकत की सूचना तत्काल जिला कंट्रोल रूम (मो. नं. 9479190629) पर दें। इसके साथ ही जिला कार्यालय में संचालित संपर्क केंद्र (92018-99925) में भी कॉल करके गांव की समस्याओं से अवगत कराया जा सकता है।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई मित्रो का सम्मान

## स्वच्छ भारत के निर्माण में सफाई मित्रो का सहयोग अद्वितीय - सीएमओ भूपेंद्र वारडेकर

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** -स्वच्छता ही सेवा के तहत हॉस्पिटल सेक्टर वार्ड क्र. 6 नारायण होटल के पास श्रमदान कर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका कार्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में स्कूल बच्चो,सफाई मित्रों एवं ।



गणमान्य नागरिकों के सम्मान समारोह के दौरान हमारे स्वच्छता नायकों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सराहा गया। आइए, हम भी उनके जज़्बे को सलाम करें और स्वच्छ भारत के निर्माण में सहयोग करें जिसमें स्वच्छता दीदी,स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता कर्मियों तथा नगर के समस्त स्वच्छता कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर नोडल अधिकारी भानुप्रकाश घोष, डॉ.शैवाल जाना, उमेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, राजेश दसोड़े, पूर्व एवं वर्तमान पार्षद ,हेल्थ ऑफिसर श्री रामगोपाल चंद्रकार, एलन चंद्रकार, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री सतीश चंद्रकार, घनश्याम शर्मा,राजेंद्र साहू, विपिन बेहरा, इंद्र यादव सुनील तारम, पंकज चंद्रकार, स्वास्थ्य विभाग के रेखु राम साहू पीआई यू रामगोपाल सिन्हा,विजय साहू संतोष साहू शहीद अस्पताल के कर्मचारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



डोंगरदेवी के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

# विशेष श्रृंगार के साथ की जा रही मां की पूजा-अर्चना, 12 सौ ज्योति कलश की गई प्रज्वलित

भास्कर दूत



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार जिले के पलारी तहसील से 25 किमी दूर महानदी के तट पर स्थित मां डोंगरदेवी का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। बलौदाबाजार, महासमुंद, और रायपुर तीन जिलों की सीमा पर स्थित यह मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा हुआ है। हर साल चैत्र और क्वांर नवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। भक्तों की मान्यता है कि मां डोंगरदेवी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है।

मंदिर में मां डोंगरदेवी की प्रतिमा कोसम पेड़ के खोह से प्राप्त हुई थी, और यहां भगवान विष्णु की प्राचीन काले ग्रेनाइट पत्थर की प्रतिमा भी स्थापित है। मान्यता है कि करीब 125 साल पहले गांव मलपुरी के मालगुजार बालकृष्ण अग्रवाल को माता ने स्वप्न में दर्शन देकर इस स्थान की जानकारी दी थी, जिसके बाद मंदिर का निर्माण हुआ।

### 12 सौ ज्योति कलश प्रज्वलित

इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में 12 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। यहां हर साल विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। ग्रामीणों का मानना है कि इस मंदिर में पिछले 25 वर्षों से घी की बजाय सिर्फ तेल से ही ज्योति जलाई जाती है।

### भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा

मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की दूसरी शताब्दी की एक दुर्लभ प्रतिमा स्थापित है, जिसे टीले की खुदाई के दौरान प्राप्त किया गया था। इस प्रतिमा की विशिष्टता इसे धार्मिक दृष्टि से और भी महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे क्षेत्र में बारिश के दिनों में महानदी में बाढ़ आने से यह इलाका जलमग्न हो जाता है, जिससे मंदिर तक पहुंचना कठिन हो जाता है।

### पर्यटन की दृष्टि से विशेष

*मंदिर समिति के सदस्य हिम्मत लाल चंद्राकर ने बताया कि अगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि डोंगरदेवी के पहुंच मार्ग और मंदिर स्थल का सौंदर्यीकरण करवाएं, तो यह स्थान जिले में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर सकता है।*

# ग्रामीण जन तीर्थ हवाई तीर्थ यात्रा के दसवें चरण में 48 किसान मजदूरों ने लिया हवाई सफर का आनंद

भास्कर दूत

बालोद। देवरी निवासी शिक्षक द्वय अमोली राम साहू, घनश्याम सिंह गुप्ता एवं धमतरी निवासी देवनाथ साहू के मार्गदर्शन में आम ग्रामीण जन, किसान एवं मजदूरों को कम से कम खर्च में हवाई सफर के साथ तीर्थ यात्रा कराने के पवित्र अभियान के दसवें चरण में 48 ग्रामीणों ने हवाई सफर कर अपना सपना पूरा किया।



इस सफर में प्रथम दिवस भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर, धौलगिरी बौद्धस्तूप और भगवान साक्षी गोपाल के दर्शन कर अपने आप को धन्य किया। द्वितीय दिवस एक अक्टूबर 24 को गोल्डन बीच में समुद्र स्नान का आनंद लिया। साथ ही पूरी के सुंदरतम तालाबों में इंद्र दमन एवं चंदन तालाब तथा भक्ति एवं प्रकृति से परिपूर्ण गुप्त वृंदावन धाम के भ्रमण करके शाम के समय भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं महाप्रसाद खिचड़ी ग्रहण कर सबने अपने आप को धन्य किया। यात्रा के अंतिम दिवस विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा बीच एवं देश के बड़े चिड़ियाघरों में से एक प्रसिद्ध नंदनकानन में भ्रमण कर सभी अति आनंदित हुए। इस यात्रा में सम्मिलित सभी तीर्थ यात्रियों ने यात्रा को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सबने महसूस किया कि उनके परिवारजन, रिश्तेदार तथा ग्रामीण जन भी इस तरह के यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी हवाई सफर की इच्छा को पूर्ण करते हुए तीर्थ यात्रा करें। यात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर धमतरी के सफल कृषक देवनाथ साहू द्वारा तीर्थ यात्रियों को उपहार प्रदान किया गया।

# नई बिल्डिंग पर जिले का एकमात्र सुपरस्पेशलिटी अस्पताल बनकर तैयार

## CDTH अस्पताल का 7 अक्टूबर को होगा लोकार्पण

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** जिले का एकमात्र सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल (CDTH), अब बनकर तैयार हो गया है और इसका लोकार्पण आगामी 7 अक्टूबर को किया जाएगा। यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और 180 बिस्तरों के साथ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर के रूप में जिलेवासियों को समर्पित किया जाएगा। इस अस्पताल में अब मरीजों को हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, केंसर, डायलिसिस जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज जिले में ही मिल सकेगा, जिससे उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, और विधायक अमर अग्रवाल भी शामिल होंगे।

### अस्पताल की विशेष सेवाएं-

1. कैथ लैब और कार्डियक केयर- हृदय रोगियों के लिए एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी जैसी सेवाएं।
2. मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर- संक्रमण रहित जटिल सर्जरी के लिए हेपा फिल्टर युक्त ऑपरेशन थियेटर।
3. डायलिसिस सेंटर- किडनी रोगियों के लिए।
4. आईवीएफ- प्रजनन सेवाएं।
5. एमआरआई और सीटी स्कैन- उन्नत और सटीक जांच के लिए।
6. मस्तिष्क और रीढ़ रोगों का उपचार।
7. केमोथेरेपी- कैंसर रोगियों के लिए।
8. एनआईसीयू और आईसीयू- नवजात शिशुओं और गंभीर मरीजों के लिए।

इस अस्पताल के संचालक, प्रदेश के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नितिन तिवारी ने कहा कि अब जिले के लोग बेहतरीन चिकित्सा सेवाओं का लाभ अपने ही शहर में उठा सकेंगे, जिससे समय और धन की बचत होगी।

## संपादकीय

# भाजपा संघ को अपना संरक्षक नही मानता

एक तरफ शताब्दी वर्ष के दौर की खुशी तो दूसरी ओर उपेक्षा का गम, आज इसी दौर से गुजर रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज उसकी सबसे बड़ी चिंता यही है, उसकी सोच है कि आजादी के बाद से अब तक सर्वाधिक काल तक कांग्रेस सत्ता में रही, किंतु उस दौर में भी उसकी (संघ की) केंद्रीय सत्ता द्वारा इतनी उपेक्षा नही हुई, जितनी की आज भाजपा के शासनकाल में हो रही है।

पिछले साल लगभग इन्हीं दिनों महाराष्ट्र के पूणे में संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें भाजपा की चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई थी जिसमें संघ की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगे थे, इसके बाद इसी साल केरल में आयोजित संघ की समन्वय बैठक में भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्ड़ा का अचानक पहुंचना और वहां यह प्रकट करना कि संघ भाजपा को अपने अधीन न समझे, भाजपा का संघ से समान विचारधारा के अतिरिक्त कोई रिश्ता नही है, यह स्पष्ट करता है कि देश पर राज कर रही भाजपा संघ को अपना संरक्षक नही मानता।

इन्हीं दो प्रसंगों ने संघ की चिंता बढ़ा दी हे, यद्यपि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अब तक इन दोनों घटनाक्रमों के संदर्भ में कुछ नही कहा है, किंतु वे चिंतित अवश्य है और अपने संघ के भावी अस्तित्व के प्रति गंभीर भी। अब इस स्थिति में यह भी संभव है कि संघ प्रमुख भागवत जी स्वयं अपने अस्तित्व की चुनौति को स्वीकार लें और अपने ही स्तर पर संघ को हर दृष्टि से मजबूत और आदर्श संगठन बनाने की ठान ले, इस घटना के बाद संघ प्रमुख की अपनी राष्ट्व्यापी शाखाओं के प्रति बढ़ी सक्रीयता तो यही संदेश दे रही है, अब उन्होंने देश के सभी राज्यों के संघ प्रमुखों से जीवंत सम्बंध बनाए रखने तथा समय-समय पर उनसे चर्चा करते रहने का भी निश्चय कर लिया है, इसलिए अब संघ ने भाजपा शासित राज्यों में भी अपनी सक्रीयता बढ़ा दी है ।

## शेरावाली दातिए

शेरो वाली दातिए, सुन ले पुकार,
आए हम शरण तिहारी करदे उद्धार
जय जय मां जय जय मां ......
दुखों को दूर कर दे,
अर्जी मंजूर कर ले,
तेरा ही है सहारा,
तुझ बिन कौन हमारा,
मेहरावाली दातिए सुन ले पुकार
जय जय मां जय जय मां .......

भंडार दया के खोल दे,
झोली सुखों से भर दे,
दिला दे गमों से छुटकारा,
तेरा नाम मुझको प्यारा,
पहाड़ों वाली दातिए, सुन ले पुकार
जय जय मां जय जय मां .......

लगाऊं तेरे जयकारे,
बिगडी तकदीर मां संवारे,
बहादे आनंद की धारा,
ये जीवन तुझपे है वारा,
ज्योतावाली दातिए, सुन ले पुकार
जय जय मां जय जय मां .......
शेरो वाली दातिए, सुन ले पुकार,
आए हम शरण तिहारी
करदे उद्धार



मोनिका डागा 'आनंद'
चेन्नई, तमिलनाडु

## विश्व युद्ध की कालिमा

विश्व युद्ध की आशंका।
सिर्फ युद्ध का उन्माद,
डरा देता है अंदर तक,
दिल और दिमाग
कांप जाते हैं,
आने वाले कल की
भयानक तस्वीर,
विभीषिका मानव को
कम्पित कर रख देती है।
क्या हम भूल गए
नागासाकी की विभीषिका को,
अभी भी जापान में
मानव जाति कराह रही है,
अणु और परमाणु बमों की
त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से,
क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश को जहां मानवता रोती
कराती बिलबिला रही है,
निर्दयी बम और बारूद के
निर्दयी संताप से,
मानव की कई पीढ़ियां
उसके प्रभाव को झेल रही है।
अब इजरायल पलेस्टाइन युद्ध, यूक्रेन और रूस संघर्ष
कमजोर यूक्रेन पर हमला,
कमजोर होना निर्मल होना
क्या जीवन जीने का
हक छीन लेती है?
लो रूस फिर
तानाशाही की ओर,
आंखों में सत्ता विस्तार
की अंधी हवस,
मृत मानव के निर्जीव मांस
के चाहत की बेहया पिपासा,
मानसिक हवस का तांडव,
हम वापस बर्बर युग की ओर,
अंधा और जंगल का कानून,
बेलगाम ताकतवर
जंगल का राजा,
शर्म शर्म करो यनशाहों
आओ अपने अहंकार से
वापस मानवीय सीमाओं में,
सत्ता, राजपाट और वैभव,
ना तो तुगलक, औरंगजेब,
हिटलर और मुसोलिनी
का कभी रहा है,
ना ही तुम्हारा रहेगा,
ना खेलो हिंसा से,
हजारों बच्चों ,अबला स्त्रियों,
और वीरगति को प्राप्त सैनिकों
की आह लेकर
क्या चेहरा लेकर जाओगे
ईश्वर के सामने।
जो सर्वशक्ति मान है,
जग का रखवाला भी है,
आ जाओ पुतिन
छोड़ो हथियार,
करो मानव जाति से प्यार।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

### विश्व-युद्ध की पृष्ठभूमि में इजरायल

# हमास लेबनान ईरान युद्ध, बेलगाम इजरायल

अं तर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार वैश्विक युद्ध की भूमिका वैसे तो इसराइल और फिलिस्तीन युद्ध ने पहले से ही रख दी थी हिजबुल्ला लड़ाको ने इजराइल फिलिस्तीन हमास युद्ध के बीच कूद कर युद्ध में आग में घी का काम किया है। इसके अलावा लेबनान ने इस युद्ध में अपने को शामिल अपनी आहुति दे दी। इसराइल ने जिस तरह लेबनान में छिपे हिजबुल्ला के आतंकवादियों को चुन चुन कर निशाना बनाया और उसमें कमांडर नसरूल्लाह की हत्या ने पूरे ईरान और शिया समुदाय को हिलाकर आक्रोशित कर दिया है।




ईरान ने इसे अपना प्रतिष्ठा का प्रश्न बनकर लगभग 300 टारगेटेड मिसाइल इसराइल पर दाग कर विश्व युद्ध की भूमिका तैयार कर दी है। यह अलग बात है कि इजरायल अब अमेरिका के नियंत्रण से बाहर हो गया अमेरिका और यूरोपीय देश अपनी प्रतिबद्धता के कारण इसराइल को समर्थन दे रहे हैं। अब इसराइल बेलगाम होकर ईरान लेबनान और हमास के आतंकवादियों पर खुलकर हमला कर उन्हें नेस्तनाबूत करने पर उतारू है । इसराइल के इस युद्ध में अरबो रुपए खर्च हो चुके हैं उधर ईरान ने भी लगभग 30 करोड़ की मिसाइल से अपना हमला कर इरादे साफ कर दिए हैं कि अब ईरान भी रुकने वाला नहीं है। इन सब युद्ध की गतिविधियों से विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ गई है और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध बन गया है। उधर अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैसे भी रूस यूक्रेन युद्ध को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं और युद्ध रोकने के जितने भी प्रयास है असफल हो चुके हैं वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका रूस-यूक्रेन और इजरायल हमास, फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान युद्ध को हर संभव तरीके से रोकना होगा होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध करेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है। 13 देशों के आर्थिक समुदाय ने भी चीन को एक खुला संदेश देकर चुनौती दे दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका तथा चीन के विरुद्ध आर्थिक क्षेत्र तथा सामरिक क्षेत्र में खुली प्रतिस्पर्धा मैदान में आ गई है। अमेरिका वैसे भी पूर्व से ही रूस का विरोधी रहा है अब अमेरिका चीन तथा रूसी गठबंधन को आने वाले समय के लिए एक बड़ा खतरा मानते पूरे विश्व को इन दोनों के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक शांति और सभ्यता को नष्ट होने से बचाने के लिए इन दोनों देशों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक भी है।



**संजीव ठाकुर,**
स्तंभकार, चिंतक,लेखक,
संकलनकर्ता, रायपुर

# नक्सलियों का सफाया, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध



> न क्सली बार-बार के आग्रह के बाद भी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने से इन्कार कर रहे हैं इसलिए उनका दमन करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। नक्सली नेता और उनके समर्थक भले ही यह झूठा प्रचार करें कि नक्सली संगठन गरीब आदिवासियों के हितों के लिए लड़ रहे हैं लेकिन सच यह है कि वे आतंक के बल पर उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए हैं।

छ त्तीसगढ़ के अबूझमाड़ इलाके में 30 से अधिक नक्सलियों को मार गिराने में मिली सफलता इसका परिचायक है कि केंद्र और राज्य सरकार नक्सली संगठनों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता का परिचय इससे मिलता है कि छत्तीसगढ़ में इस वर्ष अब तक 180 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं। यह संख्या इसलिए उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों में दो सौ के करीब ही नक्सली मारे जा सके। इससे पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से नक्सलियों के खिलाफ कहीं अधिक सख्ती का परिचय दिया जा रहा है। वैसे तो पिछली कांग्रेस सरकार भी नक्सलियों के खिलाफ सक्रिय थी, लेकिन वह अक्सर ढुलमुल नजर आती थी और वह भी तब, जब नक्सलियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाया था। यदि नक्सलियों से निपटना है तो उनके प्रति सख्त रवैया अपनाना होगा और उन्हें यह संदेश भी देना होगा कि वे बंदूक के बल पर व्यवस्था परिवर्तन करने और संविधान एवं लोकतंत्र खत्म करने का मुगालता छोड़ दें। चूंकि नक्सली बार-बार के आग्रह के बाद भी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने से इन्कार कर रहे हैं, इसलिए उनका दमन करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। नक्सली नेता और उनके समर्थक भले ही यह झूठा प्रचार करें कि नक्सली संगठन गरीब आदिवासियों के हितों के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन सच यह है कि वे आतंक के बल पर उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए हैं। तथ्य यह भी है कि वे जिन आदिवासियों के हितैषी होने का दिखावा करते हैं, उन्हें ही विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित करने का कुचक्र रचते हैं। वास्तव में वे निर्धन आदिवासियों के सबसे बड़े शोषक हैं। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से नक्सली संगठनों के खिलाफ जो सख्ती दिखाई गई है, उसके चलते एक बड़ी हद तक उनकी कमर टूटी है। इतना ही नहीं, उनके दायरे को सीमित करने में भी सफलता मिली है। उन्हें पूरी तरह निष्प्रभावी करने का अभियान चलते रहना चाहिए, क्योंकि अतीत में यह देखने में आ चुका है कि सुरक्षा बलों के दबाव के चलते वे कुछ समय के लिए निष्क्रिय होकर फिर से अपनी ताकत जुटा लेते हैं। अब उन्हें फिर से संगठित और ताकतवर होने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए।

- महेश खन्ना

# वीरांगना रानी दुर्गावती सुशासित व समृद्ध साम्राज्य की प्रेरणास्रोत




वी रांगना रानी दुर्गावती महिला शासकों के भारतीय स्वर्णिम इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर है। रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी में गोंडवाना राज्य की शासक के रूप में अपने साहस और नेतृत्व के लिए ख्याति प्राप्त की। उनकी जन-कल्याणकारी व्यवस्था को सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। रानी ने एक संतुलित, न्यायपूर्ण और विकासात्मक प्रणाली के रूप में शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए गोंडवाना को एक मजबूत और समृद्ध साम्राज्य बनाया। वीरांगना रानी दुर्गावती के शासन में गोंड संस्कृति ने देश की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी पारंपरिक प्रथाओं से पर्यावरण के संवर्धन और संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज़ादी के प्रति असीम प्रेम और किसी की अधीनता स्वीकार न करने की जिद और जुनून गोंड समाज की पहचान रही है। रानी दुर्गावती गोंड समुदाय के पराक्रम, भारतीय वीरता और शूरता की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं। मुगल साम्राज्य की अधीनता स्वीकार न करने वाली रियासतों के लिए मुगल काल में सुरक्षित रहना बहुत कठिन माना जाता था, क्योंकि विशाल मुगल सेना के सामने युद्ध भूमि में सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में गोंडवाना साम्राज्य की संरक्षिका के रूप रानी दुर्गावती के कार्य एवं अपूर्व वीरता के साथ राज्य के विकास में किया गया अभूतपूर्व योगदान सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। रानी दुर्गावती के कार्यों और वीरता का गुण-गान आज भी जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न बोलियों और कई भाषाओं में किया जाता है, जो भावी पीढ़ियों के लिये प्रेरणास्पद है। रानी दुर्गावती का संघर्ष मुगलों के खिलाफ था और वे जनजातीय संस्कृति और विरासत की सुरक्षा के प्रति कृत-संकल्पित थीं। उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक सशक्त प्रतिरोध का आधार तैयार किया, जिसने देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले राजा-महाराजा और अधीनता स्वीकार न करने वाले अनेक समूहों को मुगल सत्ता के खिलाफ लगातार लड़ने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान जबलपुर उनके साम्राज्य का केंद्र था। रानी ने करीब 16 वर्ष तक शासन किया। उन्होंने अपने कार्य-काल में अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ियां तथा धर्मशालाएं बनवाई। लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए रानी की कीर्ति दूर-दूर तक फ़ैल गई। रानी दुर्गावती के गढ़ मंडला पर मुगल सूबेदार बाजबहादुर की बुरी नजर थी, लेकिन युद्ध में रानी दुर्गावती ने उसकी पूरी सेना का सफाया कर दिया और फिर वह कभी पलटकर नहीं आया।

मुगल सेना के कई हमलों को नाकाम करने वाली रानी दुर्गावती का खौफ दिल्ली की मुगल सत्ता को भी प्रभावित करने लगा। रानी दुर्गावती को अपनी रणनीतिक योग्यता, पारम्परिक सैन्य संसाधन और सैन्य शक्ति पर इतना विश्वास था कि वे विशाल मुगल सेना से कभी विचलित नहीं हुईं।

रणक्षेत्र में रानी ने मुगलों की अपेक्षा में बेहद छोटी सेना होने के बाद भी असीम वीरता का परिचय दिया। इस कारण मुगल सेना युद्ध मैदान से भाग खड़ी हुई। रानी दुर्गावती ने मुगलों के खिलाफ अपनी भूमि की रक्षा के लिए जिस अद्वितीय साहस का परिचय दिया, वह भारत की मातृशक्ति के पराक्रम, शौर्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। रानी दुर्गावती को भारतीय इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध महारानियों और बेहतर प्रशासकों में शुमार किया जाता है।

क्रांतिदीप अलूने

## राशिफल

**मेष**
आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। आपकी इमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगें। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तो के साथ समय बितायेंगे। कई दिनों से कहीं रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

**वृषभ**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगें। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थीयों का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलायेगा।

**मिथुन**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है।

**सिंह**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षको की साहयता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी।

**कन्या**
आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे।

**तुला**
आज का दिन मिली-जुली प्रतीक्रिया वाला रहेगा। आज किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा फिल होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी।

**वृश्चिक**
आज अकारण शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

**धनु**
आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कोरोबार को लेकर कोई योजना चल रही है, तो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा।

**मकर**
आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता पिता के साथ समय बिताना चाहिये।

**कुंभ**
आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मागेंगे, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मीन**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहेंगे।

## 'पल'

'पल'
हर पल-
प्रभु का वरदान है।
हर क्षण-
उसी का मुस्कान है ॥
इस पल को जाने ही ना दो -
यही तो जीने का जान है !
बिल्कुल सहज- सरल ज्ञान है ॥
जीवन जीने का -
हर श्वास ही -
प्रभु का वरदान है।
हर पल॥



**हीरा दास साहू**
(से.नि.व्याख्याता)कलेवा

## शब्द सामर्थ्य– 395

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वालो 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 10 | | 11 | | |
| | | 12 | | | | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | | | | 17 | | |
| 18 | | | 19 | 20 | | | | 21 |
| | 22 | 23 | | | | | | |
| | | | | | 24 | | 25 | |
| 26 | | | | 27 | | | | |

## शब्द सामर्थ्य – 394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू–दोकू क्र. 395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू–दोकू क्र. 394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# टॉप-10 कंपनियों में से 9 का मार्केट-कैप 4.74 लाख-करोड़ घटा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर रही, इसकी वैल्यू 1.88 लाख करोड़ घटकर 18.76 लाख करोड़ रह गई

मुंबई। पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों में से 9 का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.74 लाख करोड़ रुपए घटा है। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इसका मार्केट कैप ?1.88 लाख करोड़ घटकर 18.76 लाख करोड़ रह गया है।




वहीं HDFC बैंक का मार्केट कैप 72 हजार करोड़ घटकर 12.64 लाख करोड़ पर आ गया है। भारती एयरटेल का मार्केट कैप 53 हजार करोड़ घटकर 9.34 लाख करोड़ रह गया है।

इसके अलावा ICICI बैंक, LIC, HUL, ITC, TCS और SBI की मार्केट वैल्यू भी घटी है। हालांकि, सिर्फ इंफोसिस की मार्केट वैल्यू बढ़ी है। इंफोसिस का मार्केट कैप 4,629 करोड़ बढ़कर 7.96 लाख करोड़ हो गया है।

### पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 4.53 की गिरावट रही

पिछले पूरे कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स में 4.53% यानी 3,883 अंकों की तेजी रही थी। वहीं ईरान-इजराइल में जंग की आशंका के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 4 अक्टूबर को सेंसेक्स 808 अंक (0.98%) की गिरावट के साथ 81,688 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 200 अंक (0.93%) की गिरावट रही, ये 25,049 के स्तर पर बंद हुआ।

### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां।

### मार्केट कैप कैसे काम आता है?

किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

### मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है?

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# भारत की सबसे बड़ी डिज़ाइन प्रदर्शनी आयोजित

राजीव दुबे
ब्यूरो दिल्ली
भास्कर दूत




नई दिल्ली। बीआरडीएस डिज़ाइन प्रदर्शनी 2024 भारत की सबसे बड़ी डिज़ाइन प्रदर्शनी है, जिसका आयोजन भंवर राठौर डिज़ाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) द्वारा द कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में किया गया। हर साल, यह प्रदर्शनी भारत के 12 शहरों- दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, बैंगलोर, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, भोपाल, नासिक, नागपुर और हैदराबाद में आयोजित की जाती है।

इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य डिज़ाइन शिक्षा में जागरूकता- छात्रों को डिज़ाइन और वास्तुकला के क्षेत्र में उपलब्ध कई विषयों जैसे फैशन और टेक्सटाइल डिज़ाइन, इंटीरियर और आर्किटेक्चर डिज़ाइन, उत्पाद डिज़ाइन, ऑटोमोबाइल डिज़ाइन, ग्राफ़िक डिज़ाइन, एनिमेशन डिज़ाइन, फ़ोटोग्राफ़ी, ललित कला और कई अन्य विषयों से अवगत कराने की है। कौशल विकास, इस्के जरिए छात्रों के रचनात्मक कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को शुरुआती चरण से ही विकसित करने की क्योंकि यह उनके डिज़ाइन करियर में सफल होने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण है।

इसके अलावा रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच, जिसके जरिए छात्रों को 5000 से अधिक लोगों के सामने कलाकृतियों, 3डी मॉडल, परिधानों और कैनवास पेंटिंग के रूप में अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना।

इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में बीआरडीएस के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. भंवर राठौर द्वारा एनआईडी, निफ्ट, नाटा, युकीड में सफलता प्राप्त करने के लिए युक्तियों पर एक भव्य कैरियर सेमिनार और भारत भर से 25 से अधिक डिज़ाइन कॉलेज और विश्वविद्यालयों की भागीदारी शामिल थी। भंवर राठौर डिज़ाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) एक प्रमुख डिज़ाइन और आर्किटेक्चर प्रवेश कोचिंग संस्थान है, जिसके भारत में 84 से अधिक केंद्र और दिल्ली में 17 केंद्र हैं, जो पिछले 19 वर्षों से भारत और विदेशों में अग्रणी डिज़ाइन, आर्किटेक्चर और ललित कला कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए 8000 से अधिक छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# अदा शर्मा की नई वेब सीरीज रीता सान्याल का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी सीरीज रीता सान्याल में एक वकील का किरदार निभाती नजर आएंगी और उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ एक शो में 10 भूमिकाएं निभाने का मौका मिला।

अभिरूप घोष द्वारा निर्देशित यह सीरीज प्रशंसित लेखक अमित खान द्वारा रचित चरित्र पर आधारित है।

अदा ने कहा, मैं हमेशा से रीता सान्याल जैसा किरदार निभाना चाहती थी। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे टाइपकास्ट नहीं किया गया और मुझे कुछ सराहनीय, कुछ डरावने, कुछ प्यारे किरदार निभाने को मिले। लेकिन जिस पल मैंने रीता सान्याल की स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे लगा कि यह शो मेरे लिए ही है।

उन्होंने कहा कि कलाकार के रूप में हमें अलग-अलग किरदार निभाने के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट करने पड़ते हैं। यहां मुझे एक शो में 10 लोगों का किरदार निभाने का मौका मिला।

उन्होंने बताया कि इस शो में एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, रोमांच, अपराध सब कुछ है।

अदा ने बताया, यह सीरीज एक लड़की के सामने आने वाली चुनौतियों का सार प्रस्तुत करती है जो एक वकील और जासूस के रूप में बड़ा नाम बनाने की कोशिश कर रही है। जो चीज इसे पहले देखी गई चीजों से अलग बनाती है, वह यह है कि रीता सान्याल कॉमिक बुक पढ़ने जैसा है। यह मजेदार और रोमांचकारी है। इस सीरीज में राहुल देव, अंकुर राठी और माणिक पपनेजा जैसे स्टार कलाकार भी शामिल होंगे।

# जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी, वर्ल्डवाइड 396 करोड़ का आंकड़ा पार

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर स्टारर एक्शन फिल्म देवरा पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर अपना एक हफ्ता पूरा कर लिया है. देवरा ने बीती 3 अक्टूबर को बॉक्स ऑफिस पर सात दिन पूरे किए हैं और फिल्म अपनी रिलीज के 8वें दिन में एंटर कर चुकी है. सातवें दिन फिल्म देवरा की कमाई में बड़ी गिरावट आई है. इससे पहले 2 अक्टूबर को नेशनल हॉलीडे पर फिल्म की कमाई में बड़ा उछाल देखने को मिला था. वहीं, सातवें दिन फिल्म देवरा सातवें आसमान से धड़ाम हो गई है. बता दें, देवरा ने छठे दिन मोटी कमाई कर भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया था. देवरा ने छठे दिन 21 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. सैकनिक्ल के अनुसार, फिल्म देवरा ने सातवें दिन 7.25 करोड़ रुपये का अनुमानित कलेक्शन किया है. सातवें दिन फिल्म की कमाई में 65 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई गई. घेरलू बॉक्स ऑफिस पर देवरा का कलेक्शन 215.6 करोड़ रुपये हो गया है.



# भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रदूषण बोर्ड में कार्रवाई शुरू

राजीव दुबे
ब्यूरो दिल्ली
भास्कर दूत

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के अंतर्गत प्रदूषण पर यूपी प्रदूषण बोर्ड के निजी सहायक भानु प्रताप सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संगठन से जांच का निर्देश दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में बन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह द्वारा यूपीपीसीबी के मुख्य पर्यावरण अधिकारियों के आदेश में कहा गया है कि राम गोपाल, अतुलेश यादव, राजेंद्र एवम आनंद कुमार आनंद (पर्यावरण अभियंता) तथा रितेश मौर्य (सहायक पर्यावरण अभियंता) ने प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों से सीटीई एवम सीटीओ के नाम पर करोड़ों रुपए की अवैध धन की उगाही करके अवैध संपतिया अर्जित की है! शासन द्वारा इनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के तहत सतर्कता जांच के लिए निदेशक सतर्कता संस्थान, उत्तर प्रदेश से जांच कराने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, सदस्य सचिव श्री संजीव कुमार सिंह के विरुद्ध भी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश शासन को रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संजीव कुमार सिंह ने अपने वेतनमान को लेवल 10 से लेवल 13 पर गलत तरीके से निर्धारित कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। इस मामले की भी जांच की जा रही है, और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही जांच शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है?

## खेल

# लखनऊ में अजिंक्य रहाणे की टीम ने जीती ईरानी ट्रॉफी

### 27 साल बाद मुंबई बनी विजेता; सरफराज प्लेयर ऑफ द मैच, कोटियान ने जड़ा शतक




**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ईरानी ट्रॉफी का आज फाइनल डे रहा। मुंबई ने रेस्ट ऑफ इंडिया को हराकर 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की टीम ने ट्रॉफी जीती है। दोहरे शतक से चूके सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है। शनिवार को मैच के 5वें दिन तनुष कोटियान ने नाबाद 114 रन बनाए। 9वें विकेट के लिए कोटियान और मोहित अवस्थी के बीच 163 गेंद पर 123 रनों की पार्टनरशिप हुई। मुंबई ने पहली पारी में 121 रनों की बढ़त ली थी। पहली पारी में मुंबई ने 537 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए थे। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम 416 रन ही बना पाई थी। दूसरी पारी में मुंबई की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 329 रन बनाए।

नौवें विकेट के लिए मोहित अवस्थी और तनुष कोटियान ने 200 गेंद पर 158 रनों की पार्टनरशिप की। पहली पारी में बढ़त मिलने के बाद मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया को दूसरी पारी खेलने का मौका नहीं दिया। मुंबई की टीम ने 450 रनों की बढ़त रेस्ट ऑफ इंडिया पर बना लिए थे। मुंबई का यह 16वीं ईरानी ट्रॉफी है। एक ट्रॉफी मुंबई ने दूसरी टीम के साथ में शेयर की थी। ईरानी ट्राफी जीतने के बाद मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि लाल मिट्टी की पिच पर हम वानखेड़े में भी खेलते हैं। हमें अनुमान था कि पिच किस तरह से विहैव करेगी। तनुष कोटियान ने शानदार खेल दिखाया है। रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान त्रिुराज गायकवाड ने कहा कि सरफराज और तनुष के बीच में बड़ी पार्टनरशिप हुई। पहली इनिंग में शार्दुल ने भी इसमें कुछ रन जोड़ दिए। इससे कठिनाई बढ़ी। ध्रुव जुरैल, अभिमन्यू ईश्वरन ने अच्छा खेल दिखाया। सारांश जैन ने दूसरी पारी में अच्छी गेंदबाजी की।




### मुंबई के लिए दूसरी पारी में शॉ का अर्धशतक

दूसरी पारी में मुंबई का पहला विकेट 52 रन के स्कोर पर गिरा। पृथ्वी शॉ ने हाफ सेंचुरी लगाई। वह 105 बाल पर 76 रन बनाकर आउट हुए। पारी में 8 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद सारांश जैन और मानव सुधार की जोड़ी ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए।

ईरानी ट्रॉफी का चौथा दिन स्पिनर्स के नाम रहा है। इस दौरान पूरे दिन में स्पिनर्स ने 11 विकेट लिए। सिर्फ यश दयाल रन आउट हुए। मुंबई की टीम ने मैच खत्म होने तक 274 रन की बढ़त बनाई थी। पहले तीन दिन का मैच बल्लेबाजों और पेसर्स के नाम रहा।

मैच के चौथे दिन रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 289 रनों से आगे खेलना शुरू किया। इस दौरान पूरी टीम 10 ओवर में 416 रनों पर ऑल आउट हो गई। तनुष कोटियान और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट और मोहित अवस्थी को 2 विकेट मिला। मोहम्मद जुनैद को एक विकेट मिला। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के आउट होने पर मुंबई को 121 रनों की बढ़त मिली। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई की टीम ने 40 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। मुंबई की टीम ने रेस्ट ऑफ इंडिया पर 274 रनों की बढ़त ली है। मुंबई की टीम ने पहली पारी में 537 रन बनाए थे।

## एक नजर

# एमेलिया कर के रन आउट घटनाक्रम ने खड़े किए सवाल

**दुबई** । शुक्रवार को दुबई में महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारत-न्यूज़ीलैंड मैच के दौरान पहली पारी में एमेलिया कर को रन आउट न दिए जाने को लेकर विवाद की स्थिति पनप गई। भारतीय टीम ने 14वें ओवर में कर द्वारा रन लेने के प्रयास में रन आउट की अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया।



दरअसल दीप्ति शर्मा की अंतिम गेंद पर लॉन्ग ऑफ़ पर शॉट खेले जाने के बाद सोफ़ी डिवाइन और कर ने मिलकर दूसरा रन लेने का प्रयास किया और स्ट्राइकर एंड पर कर क्रीज़ तक नहीं पहुंच पाईं। हालांकि दूसरे रन के लिए भागे जाने से पहले ही दीप्ति ने अंपायर से अपनी कैप वापस मांग ली थी। इसका मतलब था कि गेंद डेड हो चुकी थी क्योंकि अंपायर द्वारा गेंदबाज़ को कैप थमाए जाने के बाद गेंद को प्ले में नहीं माना जा सकता था और हरमनप्रीत कौर ने इस घटना के बाद ही गेंद को विकेटकीपर की ओर थ्रो किया था।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सात मिनट तक के लिए खेल रुका रहा। भारतीय मुख्य कोच अमोल मज़ूमदार भी रन आउट न दिए जाने पर निराश दिखाई दिए। वह बाउंड्री लाइन के पास चौथे अंपायर के साथ चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे थे।

# दिवांशी ने जीता दूसरा स्वर्ण, महिला 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली** । पिस्टल निशानेबाज दिवांशी ने लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। जूनियर निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपने खाते में जोड़े। सूरज शर्मा ने जूनियर पुरुष स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि मुकेश नेलावल्ली, जिनके पास पहले से ही इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक हैं, को इस स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।



दिवांशी ने जूनियर महिला स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 564 अंक हासिल किए, जिससे वह टीम की साथी परीशा गुप्ता से आगे रहीं, जिन्होंने 559 अंक हासिल किए। मानवी जैन के 557 अंक ने इस स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया- जो प्रतियोगिता में पहली बार हुआ। भारत ने चौथा स्थान भी प्राप्त किया, क्योंकि शिखा चौधरी ने 554 अंक प्राप्त किए, जिससे वह एस्टोनिया की मार्जा किर्स से एक अंक आगे रहीं। इसी तरह पुरुष स्पर्धा में सूरज शर्मा ने 571 अंक प्राप्त किए, तथा पोलैंड के इवान राकिस्टस्की से आगे रहे, जिन्होंने 568 अंक प्राप्त कर रजत पदक जीता।

# बारबाडोस 2026 में, गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा

**त्रिनिदाद** । कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है।




यह घोषणा गत सीपीएल चैंपियन गयाना अमेज़न वारियर्स द्वारा 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने से कुछ समय पहले की गई। गयाना के अध्यक्ष मोहम्मद इरफ़ान अली ने टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और 2025 के फाइनल की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर गयाना अमेज़न वारियर्स को सफलता की कामना करना चाहता हूं क्योंकि हम लगातार दो बार से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं।अन्य सभी टीमों के लिए, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि हम एकता के साथ मिलकर खेलते हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए भी बहुत खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा।

सीपीएल के सीईओ पीट रसेल ने लीग के इतिहास में दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। रसेल ने दोनों देशों की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 वर्षों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं और यह घोषणा करना वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमश: 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होंगे।

2019 में अपना आखिरी खिताब जीतने वाले दो बार के सीपीएल चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स के पास अब 2026 में घरेलू धरती पर तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा।

# विराट कोहली नहीं ऋषभ पंत है स्लेजिंग करने में माहिर, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने खोला राज

**नईदिल्ली** । भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है. जहां, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली जाएगी, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स टीम इंडिया के उस खिलाड़ी का नाम बता रहे हैं, जो सबसे ज्यादा स्लेजिंग करता है. भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों से मौजूदा टीम इंडिया के सबसे अधिक स्लेज करने वाले खिलाड़ी के बारे में पूछा गया. जवाब देने के लिए वहां मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, पैट कमिंस, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन मौजूद थे. आपको ये जानकर हैरानी होगी कि सभी खिलाड़ियों ने ऋषभ पंत का नाम लिया.



गौर करने वाली बात ये है कि हर कोई ऋषभ पंत की स्लेजिंग इंज्वॉय करता है. जब वह विकेट के पीछे होते हैं, तो लगातार कुछ ना कुछ बोलते ही रहते हैं. कई बार उनकी स्लेजिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं. वैसे तो ऋषभ पंत सभी स्लेजिंग करने का कोई मौका नहीं छोड़ते. हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान पंत को कुलदीप यादव को परेशान करता देखा गया था. हालांकि, ऋषभ ने अपनी स्लेजिंग को लेकर रिएक्शन भी दिया है कि वह किसी को परेशान करने के लिए नहीं बल्कि प्यार से स्लेजिंग करते हैं.

# चारों धाम से बढ़कर है देवी कथा- रुचिता तिवारी

## महादेव भवन में रुचिता तिवारी ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन अनेक प्रसंगों पर दिया व्याख्यान

भास्कर दूत

बालोद। श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन कथाकार रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया।





करता

उन्होंने कहा कि जीवन का कल्याण करने वाली वाली मां भगवती है। इसलिए उसकी आराधना करो। आगे कहा कि चारों धाम से बढ़कर देवी कथा है। एक तरफ अमृत रखा जाए एक तरफ कथा अमृत रखा जाए तो सर्वश्रेष्ठ कथा अमृत होता है और जो अमृत होता है उसी को ग्रहण किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो गलती करता है उसी को भोगना पड़ता है। कुछ लोग ज्ञान एवं जानकारी को एक ही समझते हैं, जबकि दोनों में बहुत अंतर होता है। ज्ञान जो भी हो सत्य होना चाहिए, ज्ञान भीतर से आना चाहिए। इसलिए जानकारी मत लो ज्ञान लो। ज्ञान जो जीवन में प्रशिक्षण से आता है।

### ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता

कथा के दौरान रुचिता तिवारी ने कहा कि ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता और ना ही दूसरों की निंदा करता है। इसलिए ज्ञानी बनें। ज्ञान कहीं से मिल सकता है। आगे कहा कि जो दुखी हैं वे एक दूसरे से नहीं बोलते एक दूसरे के बारे में बोलते हैं। सबसे सर्वोच्च है भरोसा जिसे परमात्मा पर करो। किसी की प्राप्ति के लिए इंतजार करने की जरूरत है। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं। भगवान मानव के रूप में बनकर सीखते हैं। भगवान हमें जीना सिखाते हैं। समय का उपयोग कैसे करें इसे बताते हुए उन्होंने कहा कि समस्त कार्य को छोड़कर आओ जो आपको बनाया है उसका ध्यान करो। समय भगवान के लिए निकालना चाहिए, जीवन में वफादारी ईमानदारी हो जाए तो कथा समझ जाओगे। उन्होंने कहा कि प्रेम की बस में सब हैं, किंतु प्रेम किसी के बस में नहीं है। भगवान के लिए स्वास्तिक यज्ञ करना चाहिए किसी जीव की बली नहीं करनी चाहिए। मदिरा नहीं चढ़ाना चाहिए, यज्ञ में जो वस्तु का उपयोग हो व शुद्ध हो।

### 'भवानी मेरी पुकार' भजन में खूब झूमे भक्त

*रविवार को कथा प्रवचन के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा प्रवचन के बीच-बीच में भजनों में हर रोज की तरह आज भी श्रोता झूम उठे। खास तौर पर भवानी मेरी पुकार भजन में श्रोतावअपनी जगह पर खड़े होकर झूमने लगे। इतने दिनों की तुलना में आज काफी भीड़ थी।पूरा पंडाल श्रोताओं से खचाखच भरा था। शाम 5 बजे आरती में भी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।*

# जल जगार महोत्सव के दूसरे दिन रायपुर सहित अन्य जिलों से पहुंचे गंगरेल बांध लिया जल ओलंपिक का आनंद

भास्कर दूत



**धमतरी।** जल जगार महोत्सव के दूसरे दिन रायपुर सहित अन्य जिलों से पहुंचकर धमतरी के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में बनाए गए जल ओलंपिक खेल कयाकिंग, स्वींमिंग, बनाना राईड, फ्री स्टाईल स्वीमिंग, फ्लैग् रैन, थ्रो रो, रिवर क्रॉसिंग का आनंद ले रहे है। रायपुर से आए संजय बच्चानी, अमित गोयल, राकेश खुशी प्रकट करते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए जल जगार महोत्सव अच्छी पहल है। जल संरक्षण के लिए सभी की सहभागिता एवं जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम अच्छा अनुभव कर रहे है यहां आकर। हमे जल के गिरते स्तर को वृद्धि करने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग, पौधा रोपण करना चाहिए एवं अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए जिससे आने वाले पीढी के लिए बेहतर हो। बिलासपुर से आए वेदांत वर्मा ने बताया कि स्वींमिंग मेरा शौक है और जल संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए क्योंकि जल है तो कल है।



पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध बहुत बहुत अच्छा एवं खूबसूरत है।जल जगार महोत्सव के लिए गंगरेल बांध में लाइफ जैकेट, मेडिकल किट सहित सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किए गए है। सबसे बड़े जलसंग्रह में अनेक प्रकार जेटस्की, बनाना राइड बोट, कयाकिंग नाव आदि की व्यवस्था की गई है। जिसमे प्रतिभागी उत्साह के साथ भाग ले रहे है।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अरजुंदा कॉलेज के छात्राओं की उपलब्धि



भास्कर दूत

**बालोद।** उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग.शासन के तत्वावधान में दुर्ग सेक्टर अंतर्महाविद्यालयीन बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन जी.डी. रूंगटा कॉलेज ऑफ सांईस एवं टेक्नोलॉजी, भिलाई (छ.ग. ) द्वारा 04 अक्टूबर 2024 को किया गया। इसमें 06 महाविद्यालयों के महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें टीमों के मध्य मैच खेला गया। इसमें शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के टीम ने भी सहभागिता सुनिश्चित किया। अतिथि क्रीड़ा सहायक मोनिका वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने पहली बार भाग लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक सफर किया। टीम में शामिल खिलाड़ी दिव्या, खुशबू, प्रेरणा, मोनिका, अंजली एवं मानसी रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतियोगिता में टीम के प्रदर्शन को बधाई दी। साथ ही सभी प्राध्यापको ने भी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रदर्शन से क्रीड़ा विभाग सहित छात्रों में खुशी की लहर व्याप्त है।

# बलौदा बाजार जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की बढ़ती समस्या

भास्कर दूत

**बलौदा बाजार ।** जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की समस्या सुर्खियों में है। इन पंजीकृत डॉक्टरों क्लीनिक मेडिकल स्टोर्स द्वारा जनता को चूना लगाया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का मौन चिंताजनक है।

इसी बीच, नर्सिंग होम में पंजीकृत डॉक्टरों की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। डॉ. कल्याण स्वरूप मिश्रा, जो बलौदा बाजार के शीर्ष जनरल फिजिशियन माने जाते हैं, उन पर भी मेडिकल स्टोर्स के नियमों के विरुद्ध संचालन का आरोप है। जनता का कहना है कि इन नर्सिंग होम्स में इलाज के नाम पर लूट की जा रही है, और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी नहीं होती।

हमारी संस्था, ऋषि आशीष वेंचर सर्विस, इस गंभीर समस्या को जनता के सहयोग से उठा रही है और इसका समाधान करने के लिए प्रयासरत है। जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी ताकि वे इन फर्जीवाड़ों से बच सकें और सही इलाज प्राप्त कर सकें। अगर मरीजों को सरकारी या निजी अस्पतालों में किसी तरह की समस्या होती है, जैसे डॉक्टर्स की लापरवाही या दवाइयों की कमी, तो वे सीधे आरोग्य 104 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत के 24 घंटे के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, और दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

बलौदा बाजार के अधिकारियों से उम्मीद की जा रही है कि वे इस मामले में जल्द से जल्द सख्त कदम उठाएंगे, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।




**वही नर्सिंग होम में पंजीकृत की मनमानी डॉक्टर कल्याण स्वरूप मिश्रा क्लीनिक में मेडिकल स्टोर्स नियम विरुद्ध संचालन कर जनता को चूना लगा रहे हैं जिम्मेदार मौन है**

### नर्सिंग होम के मेडिकल स्टोर में रखनी होंगी सभी दवाएं

नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों पर अब वह सभी दवाएं रखनी होंगी, जो सामान्य मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध होती हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने यह कदम निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम के मेडिकल स्टोर्स पर विशेष दवाओं की उपलब्धता और उसके कारण हो रही समस्याओं पर लगाम लगाने के लिए उठाया है। अब ऐसे अस्पतालों और स्टोर्स पर उन दवाओं की बिक्री नहीं की जा सकेगी जो अन्य मेडिकल स्टोर्स पर नहीं मिलतीं।

औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण अधिकारी एके जैन ने प्रदेश के ड्रग इंस्पेक्टरों और सहायक आयुक्तों को आदेश जारी किया है कि वे नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोर्स की जांच करें। यह सुनिश्चित करें कि डॉक्टर जो दवाएं पर्चे पर लिख रहे हैं, वे अन्य मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध हों।

वर्तमान में प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम के स्टोर्स पर केवल वही दवाएं मिलती हैं, जो वहां के डॉक्टर लिखते हैं, जिससे मरीजों को बाहर की दुकानों से दवाएं नहीं मिल पाती हैं और उन्हें अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यदि कोई दवा निर्माता या डीलर केवल इन मेडिकल स्टोर्स के लिए ही दवाओं की आपूर्ति करता है, तो उसके खिलाफ ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर 2013 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। ड्रग इंस्पेक्टरों और सहायक आयुक्तों को हर महीने इस कार्रवाई की रिपोर्ट मुख्यालय भेजनी होगी।

क्या आप भी हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, क्लिनिक और नर्सिंग होम्स को समझते हैं एक, तो जानें चारों में अंतर अक्सर बीमारी होने या किसी इमरजेंसी होने पर हम मेडिकल सर्विसेज के लिए हॉस्पिटल या क्लिनिक जाते हैं। हम सभी ने अपने आसपास हॉस्पिटल डिस्पेंसरी क्लिनिक और नर्सिंग होम्स देखे होंगे। हालांकि बहुत कम लोगों को ही इन चारों में अंतर पता होगा है। अगर आप भी अक्सर इन्हें एक भी मानते हैं तो आइए जानते हैं क्या चारों में जानते हैं- लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली। हम सभी ने बचपन में आवश्यक सेवाओं यानी असेंशियल सर्विसेस के बारे में पढ़ा होगा। एक बेहतर जीवन जीने के लिए हमें इन सभी सेवाओं की जरूरत होती है। मेडिकल सर्विसेस यानी चिकित्सीय सेवाएं इन्हीं में से एक है, जो अक्सर बीमारी या किसी इमरजेंसी हेल्थ सिचुएशन में हमारे लिए मददगार साबित होती है। आपने अपने आसपास कई मेडिकल सेंटर्स देखे होंगे। हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, क्लिनिक और नर्सिंग होम्स इन्हीं में से एक हैं, जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं में हमारी मदद करते हैं।

हालांकि, ज्यादातर लोगों को इन चारों में अंतर नहीं पता होता और वह इन्हें एक भी समझते हैं, लेकिन असल में चारों एक-दूसरे से काफी अलग होते हैं। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो इन चारों को एक भी समझते हैं, तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, क्लिनिक और नर्सिंग होम्स के अंतर-

**हॉस्पिटल**- हॉस्पिटल एक बड़ी चिकित्सा सुविधाएं हैं, जो इमरजेंसी देखभाल, सर्जरी, इंटेन्सिव केयर, डॉयग्नोस्टिक टेस्टिंग और विशेष उपचार सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हैं।

कार्य- हॉस्पिटल मामूली चोट या घावों से लेकर गंभीर बीमारियों तक, विभिन्न प्रकार की स्थितियों के लिए व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। अस्पतालों में मरीजों के रात भर रुकने के लिए बिस्तर होते हैं और यह 24 घंटे खुले रहते हैं।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 18 वां किस्त की राशि हस्तांतरण वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर में किया गया

भास्कर दूत

जांजगीर-चांपा / प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 18वां किस्त की राशि आज 05 अक्टूबर को देश के समस्त कृषकों के खातें में स्थानांतरित किया गया। उक्त राशि का स्थानांतरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में किया गया।




इस अवसर पर पीएम वेबकॉस्ट का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप ने की। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, जांजगीर के अधिष्ठाता डॉ. ए. के. सिंह और सह प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार के साथ इंजिनीयर श्री रवि पांडे जी भी उपस्थित थे।लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया की प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिया जा रहा 2000 रुपये क़िस्त की राशि को खेती में आदान के रूप से उपयोग करने की सलाह दी उन्होंने कृषि से जुड़ी सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि जिले के किसानों के हित के लिए किसानों के खेत में प्रत्यक्ष भ्रमण करके सतत उचित सलाह एवं मार्गदर्शन देने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रमुख डॉ. शशिकांत सूर्यवंशी जी ने कृषि विज्ञान के विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत मोदी, डॉ. अशुलता ध्रुव, डॉ.आशीष प्रधान ने अपने संबंधित विषयों पर किसानों के हित में कृषि से जुड़ी सम सामयिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मंच का संचालक श्री चंद्रशेखर खरे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, श्री एल. एक्स. कुजूर, श्री जी. पी. बघेल, श्री डी.एल. साहू के साथ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गण, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और जिले के प्रगतिशील कृषक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एन्डुरन्स रन में सुकलाल अवड़े का दिखा जज्बा

77 की उम्र में लगाई 10 किलोमीटर दौड़

**धमतरी।** जिले में जल जगार महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके तहत लोगो क़ो जल और पर्यावरण क़ो संरक्षित रखने का संदेश देने प्रदेश और जिले के नागरिकों ने गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन में अपनी सहभागिता निभायी। मैराथन में 10 किलोमीटर के एन्डुरन्स रन में धमतरी निवासी सुकलाल अवड़े का बहेतरीन जज्बा दिखाई दिया। सुकलाल अवड़े ने बताया कि उनकी उम्र 77 वर्ष कि है और वे धमतरी के रहने वाले है। उन्होंने पहली बार मेराथन में हिस्सा लिया और इस दौड़ क़ो समय पर पूरा करके बहुत ख़ुश है। उन्होंने बताया कि वे बेडमिंटन के खिलाडी है और वे 47 साल से बेडमिंटन खेल रहे है। अपनी फिटनेस के श्रेय उन्होंने संयमित खानपान, व्यायम, नशे से दूरी और कड़ी मेहनत क़ो दिया। श्री सुकलाल अवड़े ने बताया कि इस वर्ष बेस्ट मोटिवेशनल प्लेयर 2024 का अवार्ड रेलवे द्वारा चारोदा में दिया गया था। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे जल संरक्षण के लिये प्रयासों को सराहा।



### विधायक अनिला भेड़िया ने विकास कार्यों की दी सौगात



**बालोद।** डौडीलोहारा विधानसभा के विधायक श्रीमती अनिला भैंडिया अपने एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम के अतंर्गत ग्राम भिंदो में कलामंच का भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत बैहाकुआ के आश्रित ग्राम चिल्हाटी खुर्द मे सामुदायिक भवन का भूमिपुजन किया। ग्राम पंचायत पिंगाल में प्राथमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण कर ग्रामवासियो को विकास कार्य की सौगात दी। पिंगाल में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा पिछले पांच साल में जर्जर स्कूलों के सेवा जतन योजना के अंतर्गत जो काम हुआ निश्चित ही कांग्रेस सरकार की सराहनीय कार्य है। ग्राम चिलहाटी मे कांग्रेस कार्यकर्ता ललित पाथरे के परिजनो से मिलकर उनके सुपुत्र के निधन पर शोकप्रकट किया। इस अवसर पर अनिल लोढा प्रदेश प्रतिनिधि, गोविन्द चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी डौडीलोहारा, मेघनाथसाहू महामंत्री, जनपथ सदस्य राजा तारम श्रीमती वेद कुवर नेताम श्रीमतीलक्ष्मी भोयर लोकनाथ निषाद चंन्द्रशेखर चुरेंद्र गुलाब भंसाली, सरपंचपिगाल सोनारीनबाई,सरपंच बैहाकुआ श्रीमती संध्या चुरेंद्र आदि थे।

### डोंगरगढ़ मंदिर में हादसा, धमतरी की महिला की मौत,ऑटो से दर्शन के लिए गया था परिवार

**धमतरी।** डोंगरगढ़ मंदिर में 5-6 अक्टूबर की दरमियानी रात भगदड़ से धमतरी की एक महिला की मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंच चुका है।



मिली जानकारी के अनुसार धमतरी से थोड़ी दूर पर स्थित ग्राम बागतराई निवासी मदनलाल साहू का परिवार रायपुर से गांव वालों के साथ डोंगरगढ़ गया हुआ था तभी 5 और 6 अक्टूबर की मध्य रात्रि डोंगरगढ़ में भगदड़ मचने से मदनलाल साहू की पत्नी सोनिया साहू उम्र लगभग 35 वर्ष की दबकर मौत हो गई। पड़ोसी पुनाराम ने बताया कि मदनलाल साहू उनके गांव का है और रायपुर में रहकर वह ऑटो चलाता है। शुक्रवार को पूरा परिवार गांव आया हुआ था शाम को सभी निकल गए थे। शनिवार को वह अपने परिवार एवं गांव के कुछ लोगों के साथ ऑटो में रायपुर से मंदिर दर्शन के लिए गया हुआ था। तभी यह हादसा हो गया सुबह-सुबह सोनिया के भाई के पास फोन से सूचना मिली तब गांव में यह जानकारी प्राप्त हुई है। सरपंच भगवती साहू ने बताया कि भगदड़ में सोनिया साहू की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए गांव पहुंच गया है।

# पीपरछेड़ी में चला स्वच्छता अभियान

भास्कर दूत



**बालोद।** स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ के लगातार 83 वें स्वच्छता सप्ताह पर संरक्षक नाड़ी वैद्य बिरेन्द्र देशमुख एवं प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन में स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति के सदस्यों ने ग्राम पिपरछेड़ी में तालाब पार शिव मंदिर के आसपास सफाई कर अनावश्यक खरपतवार, कचरे को एकत्रित कर ट्रेक्टर ट्राली द्वारा निर्धारित स्थान पर डंप किया।

कार्य करते हुए स्वच्छ धरा बैनर के माध्यम से ग्राम वासियों को अपने घर के आसपास, तालाब, नदी, मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने, खुले में शौच ना करने की अपील की। ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी स्वच्छ धरा सदस्य सरपंच गोवर्धन देशमुख ने कहा कि हमारा स्वच्छता के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा और पिपरछेड़ी को खुले में शौच मुक्त गांव बनाने पर भी विशेष ध्यान देते रहेंगे। समिति का उद्देश्य हरा भरा,स्वच्छ धरा है। पुनीत कार्य में स्वच्छ धरा ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी के प्रभारी गौ सेवक दिनेश देशमुख, लालजी देशमुख, तोमेश्वर देशमुख, रामनाथ देशमुख,सागर देशमुख, पूरन साहू, नेमेश साहू, टीकम साहू, थानसिंह साहू, तिलक साहू, सेवा हुलास साहू शामिल हुए।

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, सोमवार 07 अक्टूबर 2024



## संस्कारधानी में नवरात्रि की धूम


आजाद चौक, राजनांदगांव


दुर्गा चौक, राजनांदगांव


फौव्वारा चौक, राजनांदगांव


जय मॉं शीतला नवयुवक मण्डल गठुला

# बम्लेश्वरी मंदिर में मची भगदड़ में एक महिला की दबकर मौत

## कई दर्शनार्थी घायल, भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस को करनी पड़ रही भारी मशक्कत

राजनांदगांव/डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)। शारदीय नवरात्रि पर धर्मनगरी में मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जबर्दस्त हुजुम उमड़ने लगा है। पुलिस को जनसैलाब को काबू पर करने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है, लेकिन भक्तों के रेला ने परेशानी बढ़ाकर रख दी है। शनिवार की देर रात ऊपर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहाड़ी में ऊपर कार्यालय के समक्ष बेरिकेट के पास अचानक मची भगदड़ में लगभग 30 लोगों के घायल होने और धमतरी की एक महिला की मौत की खबर है। भगदड़ में लगभग दो दर्जन लोगों को लगी चोंट के बाद लगभग आधा दर्जन लोगो को जिला अस्पताल रेफर करने की जानकारी मिली है।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि उक्त घटना शनिवार की रात लगभग 3-4 बजे हुई। शनिवार की देर रात अचानक दर्षनार्थियों की भीड़ बढने् के बाद तगड़ी प्रशासनिक व्यवस्था के बीच नीचे छीरपानी मार्ग से दर्शनार्थियों को सुरक्षित ऊपर दर्शन के लिए सीढ़ियों से छोड़ा जा रहा था। देर रात उपर मंदिर कार्यालय के आसपास बेरिकेट को खोले जाने के वक्त अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें धमतरी की सोनिया साहू उम्र 37 साल की भीड़ में दबने के कारण पसली टूट गई और दम घुटने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उक्त घटना में उसकी आठ साल की बच्ची रितेश्वरी साहू को भी चोंटें आयी है। मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को उसके पति मदन साहू के सुपुर्द कर दिया।

### गंभीर लोगों को किया नांदगांव रेफर

जानकारी के अनुसार उक्त घटना में घायल लोगों को शासकीय अस्पताल लाया गया, जिसमें पल्लवी दुर्ग, ईसा मंडले दुर्ग, पिंकी साहू बिलासपुर, लिपिका नायक दुर्ग, दीपक नेताम अछोली, आनंद जटकन्हार, मंजू शर्मा भंडारपुर, उमेश अर्जुनी, लियाना डोंगरगढ़, राहुल साहू अछोली, नेहा गोंदिया, कार्तिक गोंदिया शामिल हैं। इसके अलावा मंदिर छीरपानी घटना स्थल के पास लगे स्वास्थ्य कैम्प में इसके अलावा अनेक लोगों का इलाज कराया गया, जिसमें ज्यादा तकलीफ में लोगों को वहीं से जिला अस्पताल के लिए रेफर करने की जानकारी सामने आ रही है। मामूली रूप से चोंटग्रस्त लोगों को मौके के अलावा अस्पताल से प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। सर्वाधिक रूप से भूखे प्यासे लाइन में लगे लोगों के बीपी लो व कमजोरी के कारण चक्कर आना भी बताया जा रहा है, जिन्हें भी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। हालांकि सुरक्षा में लगे पुलिस प्रशासन की सतर्कता के साथ अचानक बढ़ी भीड़ को समय रहते कंट्रोल करने से बड़ी घटना टल गई।


ऊपर मंदिर में भीड़ का दृश्य


डोंगरगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म का सीन


नीचे प्रवेश द्वार के पास श्रद्धालुओं का मजमा

### आज पंचमी पर फिर उमड़ेगा जनसैलाब

बताया जाता है कि ऊपर पहाड़ी में हुई भगदड़ के दौरान नीचे छिरपानी मंदिर से लेकर ऊपर माता के दरबार तक लगभग दो लाख दर्शनार्थी मौजूद थे।दिन भर चिलचिलाती धूप के बीच उमड़ रहा आस्था का सैलाब और मां बम्लेश्वरी के दर्षनार्थियों की भीड़ ने ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों के पसीने छुड़ा दिये। पंचमी के पूर्व तृतीया तिथि शनिवार को देर रात अचानक बढ़ी भीड़ ने फिर एक बार मां बम्लेश्वरी की आस्था को लेकर लोगो के बढ़ते विश्वास से जोड़ा है। शनिवार की शाम से रविवार की प्रातः 10 बजे तक उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में तीन लाख दर्शनार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माता जी का आशीर्वाद लिया। आज रविवार की शाम को कल सोमवार को पंचमी के कारण लाखों दर्शनार्थी फिर माता के दरबार पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि पंचमी तिथि पर इस बार भक्तों का जबर्दस्त सैलाब उमड़ सकता है, जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है।

### बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगों को दर्शन के लिए पहले जाने दें- कलेक्टर

श्रद्धा एवं आस्था के केंद्र डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंच रहे हैं। अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि उपवास, पैदल चलने एवं भीड़ के कारण घबराहट और बैचेनी हो सकती है। श्रद्धालु दर्शन के लिए जल्दबाजी न करें। बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगजनों को दिक्कत हो सकती है, उनका ध्यान रखते हुए सभी अपनी बारी आने पर दर्शन करें। भीड़ की अधिकता को देखते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि भीड़ में बुजुर्ग, बच्चों, माताओं एवं दिव्यांगों को पहले जाने का अवसर दें और भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें।

### सिर्फ एक मृत, कोई घायल नहीं- बीएमओ

इस घटना को लेकर बीएमओ डॉ. बीपी एक्का ने बताया कि धमतरी की महिला की मौत के अलावा किसी व्यक्ति को गंभीर रूप से चोंट नहीं आयी है। दर्शन के दौरान रायपुर से आये प्रकाश दुबे को बिच्छू कांटने के बाद शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसका ईलाज जारी है और वह खतरे से बाहर है।

### कोई भगदड़ नहीं हुई है- एसडीएम मरकाम

एसडीएम मनोज मरकाम का कहना है कि मेले में कहीं कोई भगदड़ नहीं हुई है। किसी बुजुर्ग महिला की तबियत खराब हुई रही होगी। मृतका के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। इस संबंध में जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## समाचार शीर्ष

### आज गैंदाटोला में महाकाली झांकी

गैंदाटोला (भास्कर दूत)। नवरात्रि के पावन पर्व में पंचमी तिथि के उपलक्ष्य में सात अक्टूबर को ग्राम की सरपंच अल्फिया हनीफ कुरैशी के द्वारा भव्य महाकाली झांकी का आयोजन किया गया है।



भव्य महाकाली झांकी पंचमी के दिन दोपहर एक बजे से मां शीतला देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर प्रारंभ होगी। बाजार चौक, दुर्गा मंदिर, पानी टंकी चौक होते हुए मिडिल स्कूल मैदान में कार्यक्रम होगा। भव्य महाकाली झांकी को लेकर ग्राम सहित आसपास क्षेत्र के लोगों में अपार उत्सव उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही जय मां दुर्गा मनोकामना देवी मंदिर समिति के सदस्य डॉ. प्रकाश शर्मा, राजू राजपूत, महेश गुप्ता, कमल गुप्ता, भीखम देवांगन, भूपेन्द्र अग्रवाल, खलील कुरैशी, अफजल कुरैशी, वसीम कुरैशी के द्वारा दुर्गा मंदिर के पास भगवान श्री रामचंद्र जी के वनवास की गाथा स्थल झांकी के रूप में प्रदर्शित हो रही है। इस अवसर पर छह अक्टूबर से 11 तारीख तक रात्रि में वेलिनटीनो डांस ग्रुप राजनांदगांव वालों का गरबा नृत्य का भी आयोजन जारी है। यह जानकारी भूपेन्द्र निर्मलकर ने दी।

### रात में फूंक दी सरपंच की हार्वेस्टर!

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। समीपस्थ शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम भंवरमरा में रविवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने वहां की महिला सरपंच की हार्वेस्टर में आग लगा दी।

बसंतपुर पुलिस के अनुसार सरपंच श्रीमती प्रेमलता साहू के घर के पास खड़ी हार्वेस्टर के चारों चक्के जल गए हैं। घटना रात्रि 12 के बाद की बताई गई है। रात 12 बजे तक प्रार्थी के परिजन जाग रहे थे, तब सब कुछ ठीक था। सुबह उठकर देखे तो हार्वेस्टर को जला हुआ मिला। सुरगी चौकी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। इस संबंध में सुरगी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सरपंच पति बसंत साहू 42 वर्ष की रिपोर्ट पर धारा 326 भारतीय न्याय संहिता के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। टेक्नीकल जांच में पता चलेगा कि प्रार्थी को कितने का नुकसान हुआ है?

### जोरातराई में नाचा 9 को

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। समीपस्थ ग्राम जोरातराई (बोरी) में नवरात्रि पर मां कालीमाई के मंच के पास जय मां कालिका उत्सव समिति के तत्वावधान में नौ अक्टूबर बुधवार को रात्रि 10.30 बजे से छन्नू मन्नू नाचा पार्टी निपानी जिला बालौद वालों का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष ने ग्रामवासियों सहित आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# दोगुना वेतन : पार्षद-महापौर प्रत्याशियों की आएगी बाढ़?

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। नगर निगम में तीन जनवरी 2020 को शपथ ग्रहण करने वाले अध्यक्ष, महापौर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना दीपावली के पहले जारी कर दिए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यहां निगम की राजनीति में रुचि रखने वाले लोग चुनाव की तारीख घोषित होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहीं कई लोग पार्षद चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। साथ ही महापौर यदि पहले की तरह आम मतदाताओं द्वारा चुना जाना सुनिश्चित होता है तो महापौर पद के उम्मीदवारों की भी फौज खड़ी हो सकती है। पार्षद और महापौर के उम्मीदवारों की संख्या पिछले तमाम चुनाव के मुकाबले दोगुनी-तिगुनी होने की प्रबल संभावना इसलिए है, क्योंकि इन पदों के लिए मानदेय दोगुना होकर सम्मानजनक हो चुका है। खबर है कि निगम चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग इन पदों पर आसीन होने के प्रयास में पानी की तरह पैसा बहा सकते हैं?

### हर वार्ड में आधा दर्जन से ज्यादा पार्षद प्रत्याशी होने की प्रबल संभावना

ज्ञातव्य है कि नगरीय निकायों में महापौर, अध्यक्ष, पार्षद आदि का मानदेय राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 12 मई 2022 को जारी राजपत्र के अनुसार लगभग डबल हो चुका है। महापौर को 26 हजार रुपए पगार और 4 हजार रुपए भत्ता, अध्यक्ष को 22 रुपए पगार और 2 हजार रुपए भत्ता तथा पार्षदों को15 हजार रुपए पगार और 2 हजार रुपए महीना दिया जाना सुनिश्चित है। बैठक भत्ता हर महीना 225 रुपए (900 से ज्यादा नहीं) दिया जाना उल्लेखित है। एक सामान्य परिवार के भरण-पोषण के लिए हर महीना इतनी राशि संतोषजनक ही नहीं, बल्कि अच्छी भी है। यदि निर्वाचित हो जाते हैं तो पांच साल तक के लिए रोजगार सुनिश्चित हो जाएगा। 2022 के पहले ऐसा नहीं था। इसी कारण शहरी सरकार में इन पदों के लिए चुनाव लडने् वालों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढने् की संभावना व्यक्त की जा रही है। माना जा रहा है कि प्रत्येक वार्ड में 6 से ज्यादा उम्मीदवार हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मिलने वाला मानदेय बहुत कम लगा था तो उन्होंने इसे दोगुना करना बेहतर समझा और इसकी घोषणा भी कर अमल में भी लाया। यह बात अलग है कि नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विगत कुछ माह से नियमित रूप से मानदेय नहीं मिल पा रहा है। बहरहाल आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सबकी नजरें टिकी हुई है। माना जा रहा है दिवाली त्यौहार मनाने के बाद चुनावी सरगर्मी शुरू हो जाएगी।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रांग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669

# महिला समूह अध्यक्ष और सचिव पर फर्जी हस्ताक्षर से आहरण का आरोप

## गंडई नगर पंचायत के प्रायमरी स्कूल का मामला

गंडई पंडरिया (भास्कर दूत)। जागरूकता महिला स्वसहायता समूह वार्ड क्रमांक 10 समूह के सदस्यों द्वारा समूह के अध्यक्ष व सचिव की शिकायत कलेक्टर से की गई है, जिसमें फर्जी हस्ताक्षर से राशि का आहरण करने का आरोप लगाया गया है।

जानकरी के मुताबिक समूह द्वारा नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम की प्राथमिक शाला गंडई में मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है। शिकायती पत्र में समूह के अध्यक्ष व सचिव द्वारा समूह का संचालन सुचारू रूप से न होने, कोई भी जानकारी समूह के सदस्यों को नहीं देने, हर माह बैठक का आयोजन नहीं करने, फर्जी प्रस्ताव पारित कर बैंक की राशि का आहरण करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। इसकी शिकायत संबंधित शाला के प्राचार्य से भी की गई है, लेकिन आज पर्यंत कोई जांच कार्यवाही नहीं की गई है। महिला समूह के अध्यक्ष व सचिव के कारनामों की जांच व कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी से लिखित शिकायत की गई है।

### सीएमओ से पूछे गए पांच सवाल

जागरूकता महिला स्वसहायता समूह वार्ड 10 के सदस्यों ने नगर पंचायत सीएमओ हेमंत वर्मा को बिना समूह समिति के सदस्यों की जनकारी के समूह के सदस्यों को समूह सदस्यता से हटाने के विषय में पांच बिंदुओं पर जानकारी मांगी है, जिसमें पूछा गया है कि किस प्रस्ताव क्रमांक से समूह से महिलाओं को हटाया गया है? किस दिनांक को यह प्रस्ताव बैठक की गई और यह प्रस्ताव किसके द्वारा लाया गया? किस स्थान पर यह बैठक की गई? किन कारणों से हम समिति के सदस्यों को हटाया गया है? बैठक किसकी अध्यक्षता में की है?

शिकायत पत्र तो मिला है, लेकिन पूरे विस्तार से नहीं देख पाया हूं। जल्द फाइल देखकर कार्यवाही और इसका निराकरण किया जाएगा।

**- हेमंत वर्मा, सीएमओ नपं गंडई**

समूह के सदस्यों को जब भी मीटिंग में बुलाया जाता है, वे लोग नहीं आते और हमेशा अतिरिक्त राशि की मांग करते हैं। समूह के संचालन का भार अध्यक्ष व सचिव को उठाना पड़ता है, जिसमे समूह के सदस्यों का कोई खासा योगदान नही रहता है और जो समूह के प्रति सदस्यों की जो जिम्मेदारी बनती है, उसका सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

**- अध्यक्ष व सचिव जागरूकता महिला स्वयं सहायता समूह**

ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट ।
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
1000/- विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
1000/- विशेष छूट
KARAN SAHU -7000071773
FEES STRUCTUTRE-2024-25

| S.NO. | COURSE | FEES | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 15500 | 3 YEAR |
| 2 | DCA | 12000 | 1 YEAR |
| 3 | PGDCA | 14000 | 1 YEAR |
| 4 | TALLY | 3000 | 2 MONTH |
| 5 | MS-OFFICE | 5000 | 3 MONTH |
| 6 | MS-OFFICE+ TALLY | 7500 | 6 MONTH |

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
For More Detail. : 70000-71773
पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक **भास्कर दूत** हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024



# मां बमलेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ के लिए निःशुल्क बस सेवा, रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भास्कर दूत



**रायपुर।** मां बमलेश्वरी के दर्शन करने रायपुर से डोंगरगढ़ के लिए निःशुल्क बस सेवा आज से शुरू की गई. आकाश वाणी स्थित काली मंदिर से डॉ. रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया. प्रतिदिन 4 निःशुल्क बसों के माध्यम से लगभग 250 दर्शनार्थी डोंगरगढ़ जा पाएंगे. रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भक्तों को मां बमलेश्वरी का दर्शन कराया जा रहा है.

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में बस्तर में 31 नक्सलियों को मार गिराए जाने पर सुरक्षाबल के जवानों को बधाई देते हुए कहा इच्छा शक्ति हो तो सब हो सकता है. अमित शाह और मुख्यमंत्री की इच्छा शक्ति है. छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्त होगा. लगातार इस तरीके की कार्रवाई से पुलिस का मनोबल बढ़ा है. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि उन्होंने 5 साल तक कुछ किया नहीं है. आज तक नक्सलियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की. जवानों के खून-पसीने से यह पुल बना है. जवानों की शहादत से सड़क बनी है.

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव पहुंचे स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कार्यभार संभालने के दूसरे दिन 5 अक्टूबर को स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का अवलोकन किया. इसके साथ तीनों कंपनियों ङ्क उत्पादन, पारेषण, वितरण की पृथक-पृथक परिचयात्मक बैठक ली.

इसके पहले केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति से लौटे आईएएस डॉ रोहित यादव ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के अध्यक्ष के तौर पर शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया था. 2002 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ रोहित यादव को ऊर्जा विभाग के सचिव के साथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है. पद संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाना है. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीमसिंह कंवर, अभियंता संघ के सचिव मनोज वर्मा और समस्त अधिकारी उपस्थित रहे.

# लूतरा शरीफ का 66 वां सालाना उर्स 20 अक्टूबर से, तैयारियां जोरों पर

### मुस्लिम हित में काम करने वाली प्रदेश भर की तंजीमों का होगा सम्मान,शिक्षा को प्रोत्साहित करने लगाया जाएगा कलम का लंगर



**रायपुर।** शहंशाहे छत्तीसगढ़ के नाम से मशहूर सूफी-संत हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह लुतरा शरीफ के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी 6 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियों में जुटी हुई है। प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कमेटी के सदर इरशाद अली ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के 6 दिवसीय 66 वां सालाना उर्स पाक आगामी 20 से 25 अक्टूबर 2024 तक बड़े ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। इंतेजामिया कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारी,मेंबर के अलावा उर्स कमेटी के तमाम पदाधिकारी उर्स की तैयारियां तेज कर चुके हैं।

# शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना आवश्यक-- टीचर्स एसोसिएशन

### टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय बैठक में शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय

भास्कर दूत



**बालोद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि एसोसिएशन की प्रांतीय वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम को सफल बनाना है।बैठक में शिक्षक मोर्चा के मांगो के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक है। इससे शिक्षकों के क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी। लंबित मँहगाई भत्ता व देय तिथि से मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गयी तथा सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों तक इस बात की जानकारी देने का निर्णय हुआ कि शिक्षक मोर्चा का हड़ताल व ज्ञापन में केवल एल बी संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, साथ ही महंगाई भत्ता का विषय शिक्षकों के साथ साथ कर्मचारियों का भी है। बैठक में टीचर्स एसोसिएशन के सभी इकाइयों के आंदोलन में सहभागिता की समीक्षा की गयी तथा सक्रिय साथियों को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया।

वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर डबल बैंच द्वारा क्रमोन्नति देने सोना साहू के पक्ष में दिए गए फैसले के आधार पर शासन से सभी शिक्षकों के लिए आदेश जारी हो जाए, इस पर शासन स्तर पर पक्ष रखा जा रहा है। शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपील किये जाने की स्थिति में उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया गया। क्रमोन्नति हेतु एल बी संवर्ग के शिक्षकों द्वारा दिए गए आवेदन/ अभ्यावेदन से शासन स्तर पर अधिकारी चर्चा कर रहे है।वहीं एल बी संवर्ग के शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उनके स्वत्वों के भुगतान की समस्या व उन्हें मिलने वाले न्यूनतम पेंशन पर चिंता जाहिर किया गया, पुरानी पेंशन लागू होने के बाद भी 10 वर्ष के पूर्व रिटायर होने वाले शिक्षक खाली हाथ घर बैठ रहे है, इस पर चर्चा की गई, आने वाले दिनों में यूपीएस से भी सतर्क रहने कहा गया। प्रांतीय वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, वाजिद खान, हरेन्द्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक सहित प्रांतीय व जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद की ओर से जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, कामता प्रसाद साहू ,जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार शांडिल्य , वीरेन्द्र देवांगन, पवन कुमार जोशी, कांतिलाल चंदेल, नीलेश देशमुख,जिला सचिव नरेन्द्र कुमार साहू ,जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार कुम्भकार,जिला आई टी सेल प्रभारी हरीश कुमार साहू , रघुनंदन गंगबोईर,महासचिव लेखराम साहू, शेषलाल साहू, राजेश चंद्राकर, संजय ठाकुर , रवींद्र नाथ योगी,महामंत्री कुलभूषण साहू , तुकाराम साहू ,अरविंद सोनी , लालमणि साहू , कमल कुमार आलेंद्र ,सह सचिव लक्ष्मीनारायण साहू , जगत राम साहू , नरेन्द्र कुमार रजक , योगेश नायक, योगिनी सुधाकर, हेमलता कोसमा सभी ने सभी मांगों पर शीघ्र निर्णय की मांग शासन से की है।

# सीएमएचओ ने नांगलदेही में शिविर लगाकर फ्लोरोसिस लक्षण वाले 100 से ज्यादा बच्चो को ओरल हेल्थ कीट किया वितरण

भास्कर दूत





**देवभोग।** स्वास्थ्य विभाग ने नांगलदेही में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया,सीएमएचओ गार्गी यदु के नेतृत्व में आयोजित शिविर में नांगलदेही, सुकलीभांठा,धुपकोट के 100 से ज्यादा स्कूली बच्चे जिन्हे डेंटल फ्लोरोसिस है या उसके लक्षण दिख रहे थे उन्हे ओरल हेल्थ कीट का वितरण किया गया। इस कीट में फ्लोराइड मुक्त टूथ पेस्ट,कैलशियम के टेबलेट,माउथवास,मल्टी विटामिन की गोलियां समेत जीवी ब्रश जैसे सामग्री मौजूद थे।आयोजन में बीएमओ प्रकाश साहु,जनपद सदस्य सशिंद्र नेताम के अलावा जिले के चिरायु दल को टीम,स्कूल के टीचर स्टाफ बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**फ्लोराइड रहित पानी पीने दी गई सलाह**-- बच्चो के साथ शिविर में पालक भी मौजूद थे,जिन्हे फ्लोराइड मुक्त पानी के सेवन के अलावा पत्ते दार सब्जी पालक,आंवला,इमली दूध जैसे खाद्य पेय सामग्री को शामिल करने की अपील किया गया।विटामिन सी,कैलशियम,विटामिन डी का स्त्रोत वाले आहार को लेने की सलाह दी गई।

**स्वास्थ्य मंत्री ने लिया संज्ञान,समाधान शुरू**--मामले में फ्लोरोसिस के खुलासे जुलाई माह से हो चुका था,लेकिन मामला स्वास्थ्य मंत्री श्याम जायसवाल के संज्ञान में आने के बाद इसे गंभीरता से लिया गया। फ्लोरोसीस के विशेष ट्रेनिंग के लिए जिले के दो डॉक्टर को दिल्ली भेजा गया। मंत्री के निर्देश के बाद डेंटल टीम के डॉक्टर सनी यादव ने प्रभावित इलाके में बच्चो की स्क्रीनिंग शुरू कर दिया।22 गांव में 200 से ज्यादा बच्चो में फ्लोरिसिस के लक्षण मिले। अब इसके समाधान के प्रयास शुरू कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# आईओसीएल प्लांट राजहरा में 16 सितंबर 2023 की रात बारूद गाड़ी में लगी आग की जांच की मांग की अनदेखी - बीएमएस

### आईओसीएल प्लांट राजहरा के मौजूदा मैनेजर मार्केटिंग पर घटना के दौरान कार्य में लापरवाही का आरोप।



**दल्लीराजहरा** – खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को अनुविभागीय दंडाधिकारी और नगर पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा था कि आईओसीएल प्लांट राजहरा में 16 सितंबर 2023 की रात बारूद गाड़ी में लगी आग के बाबत शिकायत पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जांच की मांग किया गया था किन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्यवाही का न होना बहुत ही खेदजनक है।संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने कथित आरोप लगताते हुए कहा की आईओसीएल प्लांट राजहरा के मौजूदा मैनेजर मार्केटिंग शिव सदन साहू द्वारा अपने कार्य पर लापरवाही बरती जा रही है और प्लांट में होने वाले दुर्घटना की जानकारी सक्षम अधिकारीयों से भी छुपाई जा रही है। इनके द्वारा बरती जा रही लापरवाही के वजह से विगत दिनों दल्ली राजहरा के नागरिकों की सुरक्षा भी दांव पर लग गयी थी। उक्त घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहाँ की 16 सितंबर 2023 को रात्रि लगभग 11.35 बजे बीएमडी पंप ट्रक क्रमांक सीजी 1र 5112, जिसमें लगभग 10 टन बारूद था, में आग लग गयी जिसे की बीएसपी के अग्निशमन विभाग द्वारा किसी तरह से काबू में किया गया। जिस समय यह घटना घटी उस समय प्लांट में इसी गाड़ी के पास दो और गाड़ियां खड़ी थीं जिनमें 10-10 टन बारूद भरा था। साथ ही प्लांट के साइलो स्टोरेज में भी भी 20 टन बारूद था। साथ ही तीनों गाड़ियों का डीजल टैंक पूरा भरा हुआ था। यह भी जानकारी मिली है कि इन सबके अलावा उस रात कोरबा से आई एक और गाड़ी भी वहीं खड़ी थी जिसमें 10 टन बारूद था और गौर करने की बात यह है कि घटना के समय प्लांट में 25 टन अमोनियम नाइट्रेट भी रखा हुआ था। पंप ट्रक में आग लगने की बात को शिव सदन साहू द्वारा न केवल छुपाया गया बल्कि इसकी जानकारी उनके द्वारा न तो चीफ एक्सप्लोसिव कंट्रोलर को दी गयी और न ही दल्ली राजहरा पुलिस थाने में दी गयी जो कि इंडियन एक्सप्लोसिव एक्ट 1884 के सेक्शन 8 का स्पष्ट उल्लंघन है।







भास्कर दूत




**रायपुर।** शक्ति उपासना के महापर्व नवरात्रि के अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने परिवार के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्ति पीठ डोंगरगढ़ में माँ बमलेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री बृजमोहन अग्रवाल के घनिष्ठ मित्र और पार्टी कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

# सिटीज़न क्लब में नवरात्रि महापर्व पर महिलाओं एवं बच्चों ने किया गरबा नृत्य

### शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि महापर्व की बधाई- मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवाल

भास्कर दूत



**दल्लीराजहरा** – राजहरा खदान समूह के ऑफिसर्स क्लब सिटिजन क्लब के सदस्यों के परिवार के द्वारा नवरात्रि मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया।राजहरा महिला समाज के सदस्यों एवं सिटिजन क्लब के सदस्यों के द्वारा डांडिया शिक्षिका कुमारी रितु साखरकर के मार्गदर्शन में विगत 15 दिनों से डांडिया का प्रशिक्षण लिया जा रहा था।जिनका कल शारदीय नवरात्रि तृतीया को संध्या 8 बजे सिटीजन क्लब सभागार में रंगारंग प्रस्तुति दी गई द्य

नवरात्रि महापर्व आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आइओसी राजहरा खदान समूह श्री आर बी गहरवार थे द्य आरबी गहरवाल ने कहा कि सभी सदस्यों को मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि महापर्व की बधाई दिया।नवरात्रि का 9 दिन का यह महापर्व आपके जीवन में सुख शांति और समृद्धि बनाए रखें यही शुभकामनाएं हैं !उन्होंने कहा कि नवरात्रि के गरबा नृत्य का आयोजन से सभी सदस्यों को एकजुट होने का संदेश मिलता है।घर परिवार से समय निकालकर महिलाओं ने जिस तरह लगन और मेहनत से गरबा का अभ्यास किया है और उनके द्वारा जो बेहतर प्रस्तुति दी गई वह प्रशंसनीय है।क्लब कमेटी की ओर से डांडिया में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया द्य तथा डांडिया प्रशिक्षक कुमारी रितु सखारकर को भी राजहरा महिला समाज एवं सिटीजन क्लब राजहरा की कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया।

### जवानों के साहस को सराहा और उनकी हौसला अफजाई

# माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से हुए रूबरू उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

भास्करदूत





**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि एवं आदि विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं वनमंत्री श्री केदार कश्यप आज दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा के कारली स्थित रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा एवं मंत्रीद्वय ने सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है कि बीते 04 अक्टूबर को दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नेन्दूर व थुलथुली में माओवादियों के विरूद्व सुरक्षा बलों के जवानों ने माओवादियों से हुई मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस से 31 माओवादियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में पुलिस बलों द्वारा डीकेएसजेडसी, डीवीसी, पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के कई कैडर सहित 18 पुरुष एवं 13 महिला कुल 31 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। मारे गए माओवादियों में 25 लाख का इनामी डीकेएसजेडसी एवं पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल थी।

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में से अब तक हुई 15 शिनाख्तगी में डीकेएसजेडसी के अलावा दो कैडर 8 लाख इनामी डीबीसीएम एवं 9 कैडर पीएलजीए कंपनी 6 माओवादियों भी शामिल है। इस घटना में 01 नग एलएमजी, 04 नग एके 47, 06 नग एसएलआर, 03 नग इन्सास, 2 नग थ्री नॉट थ्री सहित अन्य हथियार बरामद हुए।

पुलिस बल के जवानों की टीम दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में पूर्वी बस्तर डिवीजन, पीएलजीए कंपनी 6, इंद्रावती एरिया कमेटी, प्लाटून 16 इत्यादि के शीर्ष नक्सलियों के आने की सूचना के आधार पर सर्चिंग ऑपरेशन के लिए निकले थे। इस संयुक्त टीम में दंतेवाड़ा डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी और एसटीएफ शामिल थे। भारी बरसात में उफनते नदी नालों और माड़ की पहाड़ियों को पार कर पुलिस जवानों की टीम नक्सलियों के जमा होने वाले इलाके में पहुंची, और यहां हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 31 माओवादियों को मार गिराया। यह सुरक्षा बलों के लिए बहुत बड़ी सफलता है। इस बड़े ऑपरेशन में एक मात्र जवान घायल जवान के अलावा अन्य सभी जवान सुरक्षित रहे। इस अवसर पर पुलिस बल नेतृत्व कर रहे एडिशनल एसपी श्री स्मृतिक राजनाला पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है, और मॉ दंतेश्वरी की कृपा इस भीषण मुठभेड़ में किसी भी जवान को कोई हानि नहीं हुई। बस्तर शांति का टापू रहा है।

# पहले दिन ही छाया गरबा का उत्साह और उल्लास

### पांच साल की उम्र के बच्चों से लेकर 60 साल की महिला ने गरबा मे हिस्सा लिया

भास्कर दूत





**खरोरा।** बाबा न्यूज़ एजेंसी द्वारा आयोजित गरबा की पहली रात गरबा को लेकर चेहरों पर एक अलग ही चमक नजर आ रही थी। फ़िल्मी गीत के साथ भक्ति के पर्व में मां शक्ति की आरती कर एवं गरबा का शुभआरंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, चंद्रकुमार डडसेना, रमेश शर्मा द्वारा उत्सव की शुरुआत की गई, नगर के स्टेट बैंक के सामने बाबा न्यूज़ के द्वारा आयोजीत गरबा कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरुआत हुई और रात्रि 11 बजे तक गरबा उत्सव चला । फुल ड्रेसअप, मेकअप में गरबा करने के लिए पार्टीसिपेंट्स पहुंचे। कहीं तालियों से तो कही डांडियों से भारतीय परंपरागत गीतों के साथ गरबा नृत्य की शुरुआत हुई। भक्ति गीत पर बीट बदली और हाई नोट्स म्यूजिक पर शुरु हुआ जोश से भरपूर उत्साह और उमंग का उत्सव। डीजे पर अलग-अलग थीम गरबों से पूरा शहर गूंजते नजर आया ।पांच साल की उम्र के बच्चों से लेकर 60 साल की महिलाओ ने गरबा मे हिस्सा लिया.



यहीं समिति के दिलराज छाबड़ा ने कहा की रास गरबा महोत्स्व के शुरू दिन ही लोगो ने भरपूर आंनद लिया और आगे और भी व्यवस्थाओ मे जो कमी थी उसे पूरा कर लिया जायेगा.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com